नई दिल्ली

शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 246
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 22
न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



### साझा प्रगति के सिद्धांत पर चला भारत

उन्होंने बताया कि आज व्यापार की दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था के लचीलेपन की चर्चा होती है। लोग अक्सर पूछते हैं कि जब दुनिया में इतनी अनिश्चितता है, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी दिक्कतें हैं तो भारत कैसे 8 फीसदी से अधिक की ग्रोथ हासिल कर पा रहा है? इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण मैं, बीते 11 सालों में भारत द्वारा केवल अपनी नीतियों को ही शेष पेज 5 पर

### हर मौसम में मजबूत होती दोस्ती

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश उस विरासत के वारिस हैं। जिसका सदियों का एक समृद्ध इतिहास रहा है। सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज समुद्री व्यापार कर रहे थे। उन्होंने पुरानी पंक्तियों का जिक्र करते हुए कहा, अक्सर कहते हैं कि समंदर के दो किनारे बहुत दूर होते हैं, लेकिन मांडवी-मस्कट के बीच, अरब सागर एक मजबूत पुल शेष पेज 5 पर

### भविष्य के लिए तैयार भरोसेमंद साझेदार

उन्होंने जीएसटी से लेकर श्रम सुधारों और व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए लाए गए कई अन्य नए कानूनों की बदौलत भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र होने के साथ ही दुनिया के लिए एक भरोसेमंद, भविष्य के लिए तैयार साझेदार बताया व कहा कि ओमान इसे भली भांति समझता और सराहता भी है। नीति में स्पष्टता के साथ ही मैन्युफैक्चरिंग को भी नया विश्वास मिलता है। हम एक तरफ नीति-प्रक्रिया सुधारों की मदद से मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए उत्पादन इंसेंटिव दे शेष पेज 5 पर

## मस्कट में गुरुवार को दोनों देशों के 'व्यापार शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए बोले पीएम

# भारत-ओमान के बीच 21वीं सदी के साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट है 'सीपा': प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के तीसरे और अंतिम पड़ाव यानी ओमान की राजधानी मस्कट में गुरुवार को आयोजित किए गए तमाम बड़े आयोजनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की ही गूंज जोरदार अंदाज में सुनाई दी।

ऐसा ही एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'भारत-ओमान व्यापार शिखर सम्मेलन' का था। जिसे संबोधित करते हुए सबसे पीएम ने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीपा) होने की घोषणा करते हुए इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। ये 21वीं सदी में हमारी साझेदारी में एक नया विश्वास और नई ऊर्जा भर देगा। सीपा हमारे साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट है। जो हमारे व्यापार-निवेश को नई गति, भरोसा देगा और हर क्षेत्र में नए अवसरों के शेष पेज 5 पर



### आर्थिक-वाणिज्यिक एकीकरण मजबूत होगा

दोनों शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में 'सीपा' समझौते पर भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान की तरफ से वाणिज्य-उद्योग मंत्री क़ैस अल यूसुफ़ ने हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक-वाणिज्यिक सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा, बाधाओं को कम करके एक स्थिर फ्रेमवर्क शेष पेज 5 पर

### खाद्य सुरक्षा बनेगी बड़ी चुनौती

प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त निवेश फंड के जरिए कई सालों से दोनों देशों में निवेश बढ़ रहा है। ऊर्जा, तेज-गैस, उर्वरक, स्वास्थ्य, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं बन रही हैं। लेकिन दोनों देश इतने भर से संतुष्ट नहीं हैं। अगर हमें अपनी साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाना है तो व्यापार जगत को कुछ बड़े लक्ष्य तय करने पड़ेंगे। क्या शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गूगल ने लॉन्च किया एआई मॉडल जैमिनी 3 फ्लैश



नई दिल्ली। गूगल ने अपने एआई मॉडल फैमिली में एक नया वर्जन जैमिनी 3 फ्लैश लॉन्च कर दिया है। इस मॉडल को बेहतर रीजनिंग और मल्टीमॉडल फीचर्स के साथ तैयार किया गया है। इसके साथ ही इसमें लेटेंसी और लागत को काफी हद तक कम किया गया है। यह नया मॉडल बड़े और एडवांस्ड एआई मॉडल डीप रीजनिंग के साथ स्पीड ऑफर करता है।

### क्रिकेटर यशस्वी बीमार दो किलो वजन घटा



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को पेट में तेज ऐंठन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह घटना मुंबई के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान हुई, जब वे राजस्थान के खिलाफ खेल रहे थे। शुरुआत में इसे सामान्य पेट की समस्या समझा गया था।

### महाराष्ट्र के मंत्री मणिकराव कोकाटे ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे ने अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। कोकटे हाल के दिनों में विधानसभा में रमी खेलते नजर आए थे, जिसके कारण वह विवादों में रहे। दरअसल, तीन दशक पुराने हाउसिंग स्कैम केस में एक कोर्ट ने उनकी सजा को बरकरार रखा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद के बीच मस्कट में हुई उच्च-स्तरीय बैठक से निकला यह निष्कर्ष

# एक संप्रभु और स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के पक्ष में भारत-ओमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*दोनों नेताओं ने भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने का किया स्वागत*

ओमान की राजधानी मस्कट स्थित अल बराका पैलेस में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें सबसे पहले दोनों देशों के बीच हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ('सीपा') का दोनों शीर्ष नेताओं ने स्वागत किया।

वहीं, उनकी चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा साझा हितों से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मामले (गाजा संकट, आतंकवाद) भी प्रमुखता के साथ शामिल किए गए। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संयुक्त बयान के मुताबिक, पीएम मोदी और सुल्तान अल सईद ने गाजा में बने हुए मानवीय संकट पर चिंता जताते हुए क्षेत्र में रह रहे आम लोगों तक सुरक्षित और समयबद्ध ढंग से मानवीय सहायता पहुंचाने पर जोर दिया है। शेष पेज 5 पर

- बैठक के बाद दोनों देशों के बीच हुए 6 समझौतों पर हस्ताक्षर
- पीएम मोदी ने सुल्तान अल सईद को दिया भारत यात्रा का न्योता
- संपन्न हुई प्रधानमंत्री मोदी की ओमान यात्रा



### आतंकवाद की कड़ी निंदा की

बैठक में दोनों ने आतंकवाद की उसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों के साथ कड़ी निंदा की और इस बात को दोहराया कि ऐसे कृत्यों के समर्थन में दी जाने वाली किसी भी दलील या तर्क को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। मामले को लेकर निरंतर सहयोग को बनाए रखने के महत्व को भी दोनों नेताओं ने अपनी वार्ता में रेखांकित किया।

### ऊर्जा-रक्षा सहयोग बढ़ेगा

संयुक्त बयान में बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई द्विपक्षीय साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने पर सहमति जताई गई है। ऊर्जा व्यापार को लेकर पीएम मोदी और सुल्तान अल सईद ने संतुष्टि प्रकट करते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में मौजूद अत्यधिक संभावनाओं को लेकर भी दोनों सहमत हैं। उन्होंने कहा कि भारत-ओमान की कंपनियों को ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिसमें भारतीयों के साथ सहयोग के अलावा शेष पेज 5 पर

### ये 6 समझौते, एमओयू हुए

भारत-ओमान के बीच बैठक के बाद कुल 7 समझौतों-समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सबसे पहले व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ है। जिससे आर्थिक-वाणिज्यिक एकीकरण बढ़ेगा, बाधाएं घटेंगी तथा व्यापार बढ़ेगा, अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे व निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके शेष पेज 5 पर

### 3 एमओयू की विशेषता

1 समुद्री विरासत-संग्रहालय एमओयू- समुद्री संग्रहालय के लिए सहयोगी साझेदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसमें लोथल स्थित राष्ट्रीय समुद्री विरासत संग्रहालय शामिल है। प्राचीन कलाकृतियों, विशेषज्ञता का आदान-प्रदान, संयुक्त प्रदर्शनी लगाना, शोध-क्षमता विकास के साथ साझा समुद्री विरासत को बढ़ावा देना भी एमओयू का हिस्सा है। जिससे पर्यटन बढ़ेगा, द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी।

2 कृषि-अन्य क्षेत्र- इस एमओयू से पशुपालन-मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों, कृषि में फ्रेमवर्क अंब्रेला दस्तावेज तैयार करना, कृषि विज्ञान-तकनीक में सहयोग बढ़ाने, हॉर्टिकल्चर, एकीकृत फार्मिंग सिस्टम और माइक्रो-इरीगेशन को बढ़ावा दिया जाएगा।

3 शिक्षा क्षेत्र- इस एमओयू की मदद से शिक्षा के क्षेत्र में फैकल्टी का आदान-प्रदान, शोध-शोधार्थियों को बढ़ावा देने व नए ज्ञान को मजबूती देने के लिए साझा गतिविधियों के साथ मानव-सामाजिक आर्थिक विकास के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए नई पद्धतियों को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच पास हुआ 'वीबी-जी राम जी विधेयक'

# कांग्रेस ने बापू के आदर्शों का किया नाश, हम भेदभाव नहीं करतेः मंत्री शिवराज



*कहा, महात्मा गांधी का नाम एनआरईजीए में 2009 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए जोड़ा गया था*

*कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने सरकार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने और मनरेगा के प्रावधानों को कमजोर करने का आरोप लगाया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने गुरुवार को विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच 'विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) विधेयक, 2025' पारित कर दिया। इसके विरोध में विपक्षी सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में कहा कि कांग्रेस के लोग मनरेगा के नाम पर ढोंग करते हैं, मोदी सरकार काम करती है। चौहान ने प्रियंका गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि नाम रखने की सनक कांग्रेस की है, बहुत सारी योजनाओं के नाम नेहरू परिवार को महिमामंडित करने के लिए रखे गए।

शिवराज सिंह ने कहा, इस बिल पर मैंने 98 माननीय सांसदों के विचार सुने। आज मुझे इस पर जवाब देना था। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि संसद में अमर्यादित आचरण का प्रदर्शन हुआ। कागज फाड़कर उछाले गए, सांसद टेबल पर चढ़ गए। क्या ये बापू के आदर्शों की हत्या नहीं है?

संसद में विपक्षी दलों के हंगामे के बीच चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक हो गया था कि मनरेगा के पैसे का सही उपयोग हो, लूट बंद हो, पारदर्शिता हो, इसलिए इस योजना पर खुले मन से विचार किया गया और नई योजना लाने का फैसला हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने सरकार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के प्रावधानों को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का नाम एनआरईजीए में 2009 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए जोड़ा गया था। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के हंगामे पर लोकसभा में कहा कि अपनी बात कहना है और फिर जवाब नहीं सुनना भी 'हिंसा' है, विपक्ष के लोग बापू के आदर्शों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

केंद्रीय ग्रामीण मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित गांव जरूरी है, यही इस योजना का उद्देश्य है। चौहान ने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि शुरुआत में यह एनआरईजीए था और विधेयक में महात्मा गांधी का नाम शामिल नहीं था। बाद में, जब 2009 के आम चुनाव आए, तो कांग्रेस ने शेष पेज 5 पर

## जेद्दा से कालीकट जा रही थी उड़ान

# एआई एक्स. की आपात लैंडिंग केरल में उतारनी पड़ी फ्लाइट



विमान में 160 यात्री सवार थे, फ्लाइट के दाएं तरफ के टायर फट गए थे

कोच्चि। एअर इंडिया एक्सप्रेस के जेद्दा से कालीकट जा रही उड़ान की कोच्चि एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 160 यात्री सवार थे। बयान में कहा गया है कि तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर शेष पेज 5 पर

## ईपीएफओ की अब नई पहल

# पीएफ में जोड़ने कंपनियों को मिलेगा छह महीने का समय



यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों के लिए

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को नियोक्ताओं (कंपनियों) से कहा है कि वह उसकी एक खास योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत कंपनियों को 6 महीने का समय दिया जा रहा है, ताकि वह उन कर्मचारियों को पीएफ (प्रोविडेंट फंड) में शामिल कर सकें, जिन्हें पहले इसमें नहीं जोड़ा गया था। यह मौका 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे कर्मचारियों शेष पेज 5 पर

## दिल्ली नगर निगम के नियमों को अमानवीय बताए जाने पर की सख्त टिप्पणी

# याचिकाकर्ता से शीर्ष कोर्ट ने कहा- हम वीडियो चलाकर पूछेंगे मानवता क्या है?



मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या? न्यायमूर्ति शेष पेज 5 पर

## बीएमसी चुनावः भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट के बीच 150 वार्डों में बनी सहमति

# बाकी 77 वार्डों पर अभी बातचीत जारी फडणवीस और एकनाथ शिंदे लेंगे फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट के बीच 227 वार्डों में से 150 वार्डों के बंटवारे पर सहमति बन गई है।

बाकी 77 वार्डों पर अभी बातचीत जारी है। एशिया के सबसे धनी नगर निकाय, बीएमसी की 227 सीटों पर चुनाव होने हैं, ऐसे में गठबंधन का लक्ष्य विपक्षी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपनी शक्ति को मजबूत करना है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शेष 77 सीटों पर संयुक्त रूप से निर्णय लेंगे और जल्द ही औपचारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

दोनों दलों ने कुल 227 वार्डों में से 150 वार्डों के बंटवारे पर सहमति जताई। इससे 77 सीटें अभी भी खाली हैं, जिन पर नेताओं ने अगले दो से तीन दिनों के भीतर बातचीत पूरी करके अंतिम समझौते को अंतिम रूप देने की बात कही है राजनीतिक गलियारों में यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में सीट बंटवारे की पूरी योजना अंतिम रूप ले लेगी। सूत्रों की मानें तो बीएमसी चुनाव में भाजपा 135 से 140 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना 70 से 80 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। ज्ञात शेष पेज 5 पर



## नहीं रहे प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार

# राष्ट्रपिता गांधी में 'महात्मा' और पटेल में 'लौहपुरुष' गढ़ने वाले थे शिल्पकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश को अपनी मूर्तियों के जरिए पहचान देने वाले प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार अब हमारे बीच नहीं रहे। बुधवार देर रात उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे 100 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

राम सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की। गुरुवार दोपहर नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई कलाकार, प्रशंसक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शेष पेज 5 पर



*'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को किया था डिजाइन, संसद परिसर में ध्यान में बैठे हुए महात्मा गांधी और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी उन्होंने ही बनाई*

**पीएम मोदी बोले-** उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया



### गोंदुर गांव से विश्व मंच तक

19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंदुर गांव में जन्मे राम सुतार ने बचपन में ही मूर्तिकला का रास्ता चुन लिया था। उन्होंने अपने गुरु श्रीराम कृष्ण जोशी से शुरुआती शिक्षा ली और फिर मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स से औपचारिक प्रशिक्षण लेकर 'आर्ट एंड आर्किटेक्चर' में गोल्ड शेष पेज 5 पर

## कई राज्यों में छापेमारी के बाद नौ दबोचे

# 16 करोड़ के साइबर फ्रॉड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने 16 करोड़ के साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। अब तक केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में 286 एनसीआरपी शिकायतें लाभार्थी खातों से जुड़ी पाई गई। लाभार्थी खातों के संचालन में दुबई के लिंक का भी पता चला। 11 मोबाइल फोन के साथ सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, पासबुक और चेक बुक समेत अन्य सामान जब्त किया गया हैं।



डीसीपी डीएस भास्कर के अनुसार 12 सितंबर को एक शिकायतकर्ता ने एनसीआरपी पोर्टल पर निवेश धोखाधड़ी के संबंध में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आकर्षक और सुनिश्चित रिटर्न दिखाकर लुभाया गया था। धोखाधड़ी वाले झांसे पर विश्वास कर शिकायतकर्ता ने बड़ी रकम का निवेश कर दिया था। लेकिन बाद में उसे धोखाधड़ी का पता चला। शिकायत के आधार पर साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। विस्तृत तकनीकी विश्लेषण और मनी ट्रेल की जांच की गई। शिकायतकर्ता ने लेनदेन के स्क्रीनशॉट प्रदान किए, जिससे पता चला कि धोखाधड़ी की गई राशि कई लाभार्थी खातों के माध्यम से भेजी गई थी। यह पाया गया कि महत्वपूर्ण लेनदेन एचडीएफसी और बैंक ऑफ बड़ौदा में खोले गए खातों के माध्यम से किए गए थे, जो मंगलोर, कर्नाटक के निवासी शौकत अली के नाम पर थे। लिंक किया गया मोबाइल नंबर भी उसी नाम पर पंजीकृत था। केरल में एक रेड की गई, जिसके बाद आरोपी शौकत अली को गिरफ्तार किया गया। आगे की पूछताछ और टेक्निकल एनालिसिस से पता चला कि आरोपी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल में काम करने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का हिस्सा है, जिसके लिंक दुबई से जुड़े थे। तीन टीमें बना अलग-अलग जगहों पर एक साथ रेड की गई, जिसके परिणामस्वरूप नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अन्य आठ लोगों के नाम बाबू पायनाडथ, एंथोनी बाबू निवासी केरल, देवेंद्र पांडे उर्फ शिवम, दुरव राज मिश्रा निवासी प्रतापगढ़, यूपी, फारूक निवासी दिल्ली, मोहम्मद अदनान रजा उर्फ बिल्ला निवासी संभल, यूपी, अम्मा गुंटा कविता निवासी तिरुपति, आंध्र प्रदेश और के. वी. शिव योगी निवासी विजयनगर कर्नाटक बताये गये हैं।

## नकली दवा और क्रीम बनाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ समालखा के फार्म हाउस में चल रही थी फैक्ट्री

क्राइम ब्रांच ने नकली दवाओं और क्रीम के निर्माण में शामिल गिरोह के कथित सरगना को गिरफ्तार किया है। करोड़ों रुपये की नकली दवा जब्त की गई है। समालखा के एक फार्म हाउस में नकली दवा की यह फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

डीसीपी आदित्य गौतम ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस द्वारा नकली दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने के बाद आरोपी प्रमोद कुमार गुप्ता (67) को हजरत निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निरंतर कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाते हुए एक अन्य अवैध विनिर्माण इकाई का पता लगाया जहां 'बेटनोवेट' का अवैध रूप से उत्पादन किया जा रहा था और इसकी आपूर्ति उत्तर भारत में की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता फैक्ट्री चला रहा था और इस गिरोह का मुख्य साजिशकर्ता था। इसी के साथ परिसर से बड़ी मात्रा में कच्चा माल बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान नकली 'फेयर एंड लवली' और 'वीट हेयर रिमूवल' क्रीम की 700 और 800 ट्यूब बरामद की गई। यह गिरोह नकली दवाओं और सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों का निर्माण कर बाजार में इनकी आपूर्ति करता था। इस संबंध में कच्चे माल के स्रोत, वितरण नेटवर्क और रैकेट में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए मामले की जांच जारी है।

## मकान मालकिन की हत्या और गहनें लूटने वाला किराएदार दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने बुध विहार में 65 वर्षीय महिला की गला घोंटकर हत्या कर उसके गहनें लेकर फरार होने वाले 25 वर्षीय आरोपी किरायेदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक का नाम हिमांशु यादव (25) बताया गया है। पूछताछ में उसने आर्थिक तंगी से जूझने की बात कहीं है। दो महीने से फरार आरोपी को रोहिणी के जापानी पार्क से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार युवक एक निजी कपड़ा कंपनी में सेल्समैन के रूप में काम कर रहा था। इसे व्यापार, शेयर बाजार और ऑनलाइन गेमिंग में काफी नुकसान उठाना पड़ा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गंभीर आर्थिक संकट में था और कई महीनों से किराया देने में असमर्थ था। इसलिये मकान मालकिन के गहनें चुराने की योजना बनाई थी। लेकिन चोरी के दौरान मकान मालकिन जाग गई थी और उसे पहचान लिया था। इसलिये आरोपी ने उसका गला घोंट दिया और फिर उसके गहनें लेकर फरार हो गया था। यह घटना सात अक्टूबर को सामने आई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि महिला का मोबाइल फोन और उसके गहनें गायब है।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82255055A | फलेक्सिबल डिजिटल यूरो–लैप्रोस्कोपी एंडोस्कोपी सिस्टम (स्पेसिफिकेशन अटैच्ड) | 01 नग | 09.01.2026 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255055A दिनांक 18.12.2025 3908/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आफताब, पुत्र अफाक खान निवासी एस–44, गली नं. 2, जवाहर पार्क, साहिबाबाद, गाजियाबाद** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 304/2020, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **आफताब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **आफताब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 304/2020, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आफताब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 16, पूर्व जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/16712/ED/2025**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2)(1) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ काना पुत्र अशोक केवट निवासी 9670, गली नं. 10, मुलतानी ढाड़ा, पहाड़गंज, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **33083/21, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना मंडावली, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ काना** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ काना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **33083/21, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी, थाना मंडावली, पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ काना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** उससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
**श्री सचिन**
न्यायिक न्यायधीश प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट नंबर 16, शाहदरा जिला (पूर्व)
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/16716/ED/2025**
**(Court Matter)**


## नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में पुलिस ने नकली इंजन ऑयल और लुब्रीकेंट के उत्पादन व बिक्री में शामिल एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री से लगभग एक करोड़ के नकली उत्पाद और मशीनरी जब्त की गई। संदीप (36) नामक एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पहले भी इसी तरह के दो मामलों में शामिल पाया गया है।



■ एक गिरफ्तार, एक करोड़ के नकली उत्पाद और मशीनरी जब्त

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल टीम ने नांगलोई के कमरुद्दीन नगर में छापा मारा और नकली लुब्रीकेंट के निर्माण, पैकिंग और लेबल लगाने में लगी एक पूरी तरह से चालू फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। संदीप को अवैध गतिविधियों की निगरानी करते हुए मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने परिसर से लगभग 3,950 लीटर कच्चा और नकली लुब्रीकेंट तेल, लगभग 12 हजार खाली बोतलें और बाल्टियां, नकली लेबल, पैक करने वाली सामग्री, रंग वाले रसायन और सीलिंग मशीनें जब्त की। नकली उत्पादों को असली लुब्रीकेंट के समान दिखाने के लिए डिजाइन किया गया था और एक अंतरराज्यीय नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न राज्यों में इनकी आपूर्ति की गई थी। जांच में पता चला कि आरोपी स्थानीय स्तर पर कम कीमत वाला लुब्रीकेंट खरीदते थे और नकली लेबल व पैक करके करके उसे ब्रांड के रूप में बेचते थे। नकली लुब्रीकेंट ज्यादातर दिल्ली के बाहर के खरीदारों को नकद लेनदेन के माध्यम से बेचा जाता था। उसी इलाके में स्थित एक दूसरे गोदाम पर भी छापा मारा गया, जिससे खाली ड्रम और बोतलें बरामद हुई। जांच में पता चला कि संदीप पहले भी नांगलोई और मुंडका थानों में दर्ज इसी तरह के दो मामलों में शामिल था।

## एआई संचालित इंटेलिजेंस डाटा मैनेजमेंट टूल का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इंटेलिजेंस डेटा मैनेजमेंट टूल (आईडीएमटी) नामक एक अत्याधुनिक एआई प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इसे स्पेशल ब्रांच के वर्कफ्लो को स्वचालित और आधुनिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

स्पेशल ब्रांच की डीसीपी सृष्टि पांडे ने बताया कि पुलिस कमिश्नर ने इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेपों को शामिल करने के लिए स्पेशल ब्रांच के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि निकट भविष्य में ऐसे और भी विकास देखने को मिलेंगे। आधुनिक समय में यह टूल स्पेशल ब्रांच के ऑपरेशंस के लिए एक परिवर्तनकारी छलांग साबित होने की उम्मीद दिल्ली पुलिस अधिकारियों द्वारा जताई गई है। यह टूल दक्षता, सटीकता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे भविष्य के लिए एक स्मार्ट, तेज और अधिक समन्वित इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क सुनिश्चित हो सकेगा।

## एयर इंडिया और विस्तारा में नौकरी के नाम पर ठगी, सरगना गाजियाबाद से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा पुलिस ने एयर इंडिया और विस्तारा जैसे एयरवेज कंपनियों के नाम पर चलाए जा रहे एक फर्जी नौकरी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट के सरगना को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपी शख्स का नाम रोहित मिश्रा (35) है।

पुलिस के अनुसार मामला रितु सिंह की शिकायत के बाद सामने आया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक एयरलाइन कंपनी में नौकरी दिलाने के बहाने उसके साथ धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता को कथित तौर पर एयरलाइन कंपनी से ईमेल भेजा गया और उसके बाद एक मोबाइल नंबर से संदेश मिले। इसके बाद जालसाजों ने उसका विश्वास हासिल कर लिया और उससे नौकरी संबंधी शुल्क, वर्दी शुल्क और अन्य औपचारिकताओं के लिए पैसे जमा करने को कहा। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच की गई। टीम ने विस्तृत विश्लेषण किया, जिसमें 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' और 'डिजिटल फुटप्रिंट' की जांच भी शामिल थी। आखिर में बुधवार रात गाजियाबाद से आरोपी रोहित को दबोच लिया गया। मिश्रा का आपराधिक इतिहास रहा है और दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा पूर्व में दर्ज किए गए धोखाधड़ी तथा जालसाजी के कई मामलों में उसका नाम है, जो संगठित साइबर धोखाधड़ी में उसकी बार-बार संलिप्तता का संकेत देता है। इसके रैकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने, पैसे के लेनदेन का पता लगाने और ठगी गई रकम बरामद करने के लिए आगे जांच जारी है।

## डीटीसी बस ने कार और ऑटो में मारी टक्कर दो लोग घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग में दिल्ली परिवहन निगम की बस ने गुरुवार सुबह एक कार और ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हुये हैं। बस चालक कथित तौर पर तेज गति से और गलत दिशा में वाहन चला रहा था। पुलिस ने आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। चालक का नाम झज्जर निवासी जसबीर (43) बताया गया है। वहीं घायलों में कार चालक मनदीप कौर (55) और ऑटो रिक्शा चालक महेश गुप्ता (55) शामिल है। डीसीपी डीएस भास्कर ने बताया कि हादसा सुबह करीब नौ बजे तब हुआ जब बस अशोक पार्क मेट्रो स्टेशन से पंजाबी बाग ट्रैफिक सर्कल की ओर जा रही थी। बस तेज गति से गलत दिशा में चलाई जा रही थी। ईस्ट पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन पार करते समय उसकी सामने से आ रही एक कार से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार के पीछे चल रहा ऑटो रिक्शा भी उससे टकरा गया। हादसे में घायल हुये दोनों लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दुर्घटना का कारण बस चालक की लापरवाही थी। बस गलत दिशा में चलाई जा रही थी। बस चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**DD.NO. 37 दिनांक 17.12.2025 धारा 194 बी.एन.एस एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।**



**नाश की पहचान**
नाम- नामपता नामालूम।
पिता का नाम - नामालुम।
पत्ता- नामालुम।
उम्र - 34 वर्ष।
कद - 5 फुट 5 इन्च।
**हुलिया:**- रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावा:- ग्रे रंग का ट्रेकसूट, सफेद काले रंग की फुल बाजू की चैक की शर्ट, क्रीम रंग की पैन्ट पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 17.12.2025 को एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश बरोणा फ्लाई ओवर के उपर डिवाईडर पर खरखौदा में लगभग 3-4 दिन पुरानी नाश मिली है। नाश की शिनाख्त नही हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए BPS खानपुर कलां की मोचरी में 72 घंटों के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना शहर गोहाना मो0 न0 7419410536
अनुसंधान कर्ता ASI अनम मो0 न0 - 7988499343
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच -1084/11/4243/2026/41300/88/7 दि. 18.12.2025


## अब यमुना किनारे असिता के हरे-भरे सुंदर लॉन में आप भी कर सकेंगे आयोजन, एलजी की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित किए गए असिता पार्क के हरे-भरे सुंदर लॉन में अब आम जनता अपने आयोजन कर सकती है। इसके लिए डीडीए द्वारा तय राशि का भुगतान करना होगा। इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की मंजूरी मिल चुकी है। इस बारे में डीडीए ने बताया कि बांसेरा पार्क के बाद अब असिता पार्क के हरे-भरे सुंदर लॉन में दिल्लीवासियों के लिए सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हो सकेंगे। उपराज्यपाल दिल्ली शहर के बाहरी इलाकों में जगह पाने का प्रयास करने वाले और इसके लिए अत्यधिक कीमत चुकाने वाले लोगों की सुविधा के लिए स्थल उपलब्ध करवाने की बात पर बल देते रहे हैं। ऐसे में असिता के लॉन में आयोजन के लिए बुकिंग क्षेत्रफल के आधार पर दैनिक किराया 40 हजार से लेकर 3.3 लाख रुपये तक होगा। डीडीए का कहना है कि यमुना फ्लड प्लेन्स की रक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बुकिंग सख्त पर्यावरण सुरक्षा उपायों और एनजीटी के दिशानिर्देशों के अधीन ही होंगी। लगभग 197 हेक्टेयर में फैला असिता पार्क, यमुना नदी-तट के



पुनरुद्धार की एक प्रमुख परियोजना है जो जनता के लिए नए मनोरंजक आकर्षण प्रदान करती है। दिल्लीवासियों को यमुना नदी से जोड़ने के लिए, एलजी ने आईटीओ के पास स्थित असिता पार्क के हरे-भरे लॉन को विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बुकिंग की अनुमति दे दी है। यह पहल एलजी सक्सेना के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में की गई है, उन्होंने शहर में बांसेरा और असिता सहित विभिन्न नदी-तट परियोजनाओं की परिकल्पना से लेकर विकास तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लॉन अनुसार असिता में स्वीकृत दैनिक किराया अलग-अलग है। आसिता में विभिन्न लॉन सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें जनता अपनी आवश्यकतानुसार दैनिक किराए पर बुक कर सकती है। जिसमें वाटर बॉडी लॉन 50 हजार रुपये करीब 1,560 वर्ग मीटर, कैना लॉन 1.40 लाख रुपये, लगभग 2,860 वर्ग मीटर, मेन कॉनग्रिगेशन लॉन 2.90 लाख रुपये, लगभग 8900 वर्ग मीटर, बुद्ध लॉन 1.10 लाख रुपये, करीब 3,270 वर्ग मीटर, सूर्या लॉन 40 रुपये, लगभग 800 वर्ग मीटर, कैफे लॉन 1 लाख रुपये, 3,000 वर्ग मीटर और सर्कुलर लॉन 3.30 लाख रुपये, 13,720 वर्ग मीटर एरिया होगा। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पर्यावरण के अनुकूल अस्थायी टेंट संरचनाओं को स्थापित और उन्हें हटाने के लिए अधिकतम तीन दिन दिए जाएंगे। सर्कुलर लॉन अधिकतम पांच दिनों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से लिया जाएगा। एक या अधिक क्षेत्र एक साथ किराए पर लिए जा सकते हैं, एक से अधिक क्षेत्रों की बुकिंग के मामले में लागू दरें अधिक होंगी। किराए में 40 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा शामिल होगी। सभी बुकिंग पर्यावरण और नियामक सुरक्षा उपायों द्वारा नियंत्रित होंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि की जाने वाली कोई भी गतिविधि यमुना के पारिस्थितिक स्वरूप को बाधित किए बिना जनता के लिए यमुना के अनुभव को बेहतर बनाए और माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जारी दिशानिर्देशों और माननीय न्यायालयों के अन्य लागू दिशानिर्देशों के अनुसार ही की जाए।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में लोनिवि विश्राम गृह की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | 17.12.2025 24.12.2025 | 43.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में आईटीआई का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 17.12.2025 06.01.2026 | 1646.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव कंडेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 06.01.2026 | 1262.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव पौंकेरी खेड़ी में पुष्कर तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 25.12.2025 | 148.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | कार्यालय, अधिशासी अभियंता, गुणवत्ता नियंत्रण मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, करनाल में 1 अदद 45 केवीए डीजी सैट का प्रावधान + 1 कार्य। | 18.12.2025 25.12.2025 | 24.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गुहला में लोनिवि भ व प कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर्स का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.12.2025 | 787.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 7 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में लघु सचिवालय के परिसर में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के शौचालयों हेतु सुगम्य भारत अभियान (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 23.12.2025 | 3.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा जो वर्तमान में नहीं है, के प्रावधान हेतु विशेष मरम्मत आकलन (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 26.12.2025 | 70.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में कूडा कर्कट पॉली बैग्ज की खरीद हेतु निविदा। | 22.12.2025 06.01.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव सुधीवास ब्लॉक बहल में एमजीजीबीवाई में पानी की टंकी का निर्माण (स्कीम डी-प्लान)। | 15.12.2025 20.12.2025 | 2.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव पढाना ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में ब्राह्मण चौपाल को पूरा करने के लिए कच्चा लागत आकलन, वीएएनजीवाई + 3 कार्य। | 16.12.2025 06.01.2026 | 47.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में लॉंड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 19.12.2025 23.12.2025 | 66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में कैफेटेरिया के लिए कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 22.12.2025 06.01.2026 | 15.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | धमतान डिस्टी के आरडी 57400-आर पर घाट की मरम्मत हेतु आकलन। | 16.12.2025 23.12.2025 | 3.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 15 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-5) : सिरसा कस्बा जिला सिरसा में आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाकर और अतिरिक्त संरचनाओं, बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण करके जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बे का संवर्धन (अमरूत-2 के तहत) "सिरसा कस्बा में प्रथम और तृतीय जलघर में पम्पिंग मशीनरी, पम्प चेम्बर की स्थापना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" | 17.12.2025 13.01.2026 | 454.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 16 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- कालांवाली कस्बा में विभिन्न स्थानों पर आंशिक सीवर लाइन को बिछाना और एसएफआरसी मैनहोल कवर फ्रेम का प्रावधान व फिक्सिंग, सीवर लाइन में रूकावट को हटाना, मैनहोल चेम्बर की मरम्मत और निर्माण के लिए डीएनआईटी। सीएच. हैड :- वर्ष 2025-26 हेतु सीवरेज स्कीम कालांवाली कस्बा के लिए वार्षिक रखरखाव आकलन। | 17.12.2025 24.12.2025 | 4.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/320/41292/I/88/7 दि. 18.12.25

### प्रदूषण पर सख्ती करने का असर सड़कों पर दिखाई दिया : रेखा गुप्ता

# 24 घंटे में 61 हजार पीयूसीसी हुए जारी तीन हजार से अधिक वाहनों के कटे चालान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कड़े कदमों का असर आज सड़कों पर दिखाई दिया। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले 24 घंटे में मॉनिटरिंग में आई जानकारी पर कही। दिल्ली सरकार के अनुसार पिछले 24 घंटे में 61 हजार से अधिक प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) जारी किए गए। वहीं पहले दिन सीमा चौकियों पर लगभग 5 हजार वाहनों की जांच की गई और 568 वाहनों को वापस भेज दिया गया। इसके साथ ही वैध पीयूसी न होने पर 24 घंटों में 3 हजार 746 वाहनों का चालान किया गया और 217 गैर-निर्दिष्ट ट्रकों को पूर्वी और पश्चिमी परिधीय एक्सप्रेसवे के रास्ते डायवर्ट किया गया। उधर धूल और अपशिष्ट नियंत्रण के तहत लगभग 2 हजार 300 किमी सड़कों की मशीनी सफाई की गई, 5 हजार 524 किमी सड़कों पर मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया गया और 132 अवैध डंपिंग पॉइंट बंद किए गए।

दिल्ली सरकार ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आदेशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के तहत राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का चौथा चरण यानी ग्रैप-4 लागू है। इसी के तहत सघन जांच अभियान चलाए गए और नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की गई। इस संबंध में दिल्ली परिवहन विभाग व दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार इस विशेष अभियान के लिए कुल 210 प्रवर्तन टीमें तैनात की गईं। इनमें 126 टीमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की और 84 टीमें दिल्ली परिवहन विभाग की थीं। अभियान के दौरान बिना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के चल रहे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा 2,743 चालान काटे गए, जबकि दिल्ली परिवहन विभाग ने 316 चालान जारी किए। इसके अतिरिक्त, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन प्रणाली के माध्यम से 687 चालान किए गए। इसके अलावा ग्रैप नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी कार्रवाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार उल्लंघन पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 363 चालान काटे, जबकि दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा 34 चालान किए गए। इस श्रेणी में कुल 397 चालान दर्ज किए गए। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कई अहम आदेश लागू किए हैं। इनमें सभी सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ को वर्क-फ्रॉम-होम करने का निर्देश, 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम का सख्त पालन और गैर-बीएस-छह वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध प्रमुख हैं।



## पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइनें

**नई दिल्ली।** प्रदूषण को कम करने की कवायद में उठाये गए सख्त कदम नो पीयूसी, नो ईंधन के पहले दिन गुरुवार 18 दिसंबर 2025 को अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें व पंप ऑपरेटरों तथा ग्राहक दोनों परेशान नजर आए। प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने के चलते कई जगह तेल के लिए पंप आपरेटरों व ग्राहकों के बीच तीखी नौंक झौंक के नजारे देखने को मिले। जबकि कई वाहन चालक पेट्रोल या डीजल के लिए गिड़गिड़ाते नजर आए। यह नियम टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर और फोर-व्हीलर सभी वाहनों पर समान रूप से लागू हुआ है जिससे समस्या विकट रूप लिए दिखाई दी। वहीं दूसरी तरफ विभिन्न पीयूसी सेंटरों पर प्रदूषण जांच कराने वालों की लंबी लाइनें लगी रही। एकाएक पीयूसी के लिए उमड़े लोगों की वजह से सेंटरों पर भी अफरा तफरी मची रही। अधिक बोझ के चलते कई बार परिवहन विभाग की वेबसाइट का सर्वर धीमे होने से लोगों को और परेशानी झेलनी पड़ी। कई वाहन चालकों का कहना है कि उनका पीयूसी आज ही समाप्त हुआ है। अगर सरकार कुछ दिन पहले बता देती तो हम आसानी से पहले ही पीयूसी बना लेते। वहीं पीयूसी संचालकों का कहना है कि वैसे तो बुधवार से ही प्रमाण पत्र लेने वालों की संख्या बढ़ गई थी। लेकिन गुरुवार सुबह से ही इनकी संख्या बहुत अधिक बढ़ गई है। जहां पहले आम दिनों में 20-30 ही प्रमाण पत्र बन रहे थे, वहीं इनकी संख्या एकाएक बढ़कर कुछ ही घंटों 70-80 तक पहुंच गई।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कई टीमें तैनात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-6 मानक वाले निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के साथ 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू होने के कारण दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम के तहत जिन वाहनों के पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं है, उन्हें पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंपों पर ईंधन भरने की अनुमति देने से पहले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्रों की व्यक्तिगत रूप से जांच करते देखा गया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि शहर में प्रवेश के प्रमुख बिंदुओं पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं ताकि नियमों का पालन न करने वाले वाहनों को रोका जा सके और प्रतिबंधों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दिल्ली भर में विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक टीमें तैनात की गई हैं।

# अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर पांच परिसर किए बंद

### *दिल्लीवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि, अग्निशमन नियमों के पालन में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सूद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के में रेस्टोरेंट, होटल व क्लबों में अग्नि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर पांच परिसरों को बंद करने का निर्देश दिया गया जबकि 24 परिसरों को नोटिस जारी किया गया। इस अभियान के तहत अब तक कुल 74 रेस्टोरेंट, होटल, क्लब, और पब आदि के परिसरों का निरीक्षण किया गया।

इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आगामी त्यौहार के दिनों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा राजधानी में रेस्टोरेंट, होटल एवं क्लबों में व्यापक अग्नि सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अग्नि रोकथाम एवं सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई, जिसमें अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता, आपातकालीन निकास, तथा भवन उपविधियों के पालन की स्थिति शामिल रही।

निरीक्षण के दौरान दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 के नियम-33 के अंतर्गत निर्धारित सभी तय मानकों के आधार पर परिसरों का निरीक्षण किया गया। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार के लिए दिल्लीवासियों की सुरक्षा और जीवन सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहारी सीजन में रेस्टोरेंट, होटल एवं क्लबों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन अत्यंत आवश्यक है।

गोवा के एक नाइट क्लब में हुई हालिया दुखद घटना को संज्ञान में लेते हुए दिल्ली सरकार ने होटल, रेस्टोरेंट एवं समान प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की त्वरित और सघन जांच शुरू की है। गृह मंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष निरीक्षण अभियान सुव्यवस्थित है और पूरी तरह नियमों के अनुरूप है। अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई दंडात्मक नहीं, बल्कि निवारक है और जनहित में की जा रही है। उन्होंने सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच करें, आपात स्थितियों से निपटने हेतु कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दें और सभी वैधानिक प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। सूद ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और दिल्ली में नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

## प्रदूषण से गैस चैंबर बन चुकी राजधानी : यादव

**नई दिल्ली।** प्रदूषण के मुद्दे पर घिरी भाजपा की रेखा गुप्ता की सरकार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा जवाब दे कि क्या विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भाजपा ने कहा था कि दिल्ली के प्रदूषण को कई वर्षों में कम करेंगे। यादव ने कहा कि प्रदूषण से गैस चैंबर बन चुकी दिल्ली को राहत देने की बजाए सीएम रेखा उल्टे सीधे बयान दे रही है। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार भी केजरीवाल सरकार की तरह 10 महीनों से दिल्ली में प्रदूषण और अन्य समस्याओं पर कुछ करने की बजाय पिछली सरकारों की दुहाई देकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है। उन्होंने कहा कि आज सीएम कह रही है कि प्रदूषण की समस्या चार छह महीने में हल नहीं होने वाली, यह धीरे-धीरे कई सालों में कम होगी। क्या भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र में यह कहा था कि हम प्रदूषण कई वर्षों में कम करने की कोशिश करेंगे।

# भाजपा ने दिल्ली को पूरी तरह से स्वर्ग बनाने की कर ली तैयारी : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में बढ़े हुए प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली को स्वर्ग बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। दोपहर करीब 3 बजकर 30 मिनट उन्होंने गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब के पास एक मकान की छत से उन इमारतों को दिखाया, जो कम दृश्यता में गायब नजर आईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जहरीली हवा चार इंजन वाली भाजपा सरकार का तोहफा है, जहां लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री दिल्लीवालों को 400 एक्यूआई वाली जहरीली हवा में छोड़कर ओमान में 50 एक्यूआई वाली साफ हवा में घूम रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि वह गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब के पास से स्मॉग में छिपी इमारतों को कैमरे में कैद किया। वहां से कुछ दूरी पर स्थित संसद भवन की इमारत पूरी तरह गायब मिली। हर तरफ धुंआ ही धुंआ दिख रहा था।

# पिछली सरकार की उपेक्षा का आज खामियाजा भुगत रही है दिल्ली : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




पिछली सरकार ने अपने 11 सालों के कार्यकाल में नागरिक दायित्वों पर आधा काम भी किया होता तो दिल्ली आज दिल्ली प्रदूषण, जलभराव और जर्जर बुनियादी ढांचे से जूझ नहीं रही होती। यह बात गुरुवार को दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को पूर्व दिल्ली सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में लंबित रहे कार्यों से जुड़ी फाइलों का पुलिंदा मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कही। प्रैसवार्ता में फाइलें दिखाते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि ये दस्तावेज़ वर्षों की प्रशासनिक उदासीनता और विफलता का प्रमाण हैं, जिसका खामियाजा आज दिल्ली की जनता भुगत रही है।

प्रैसवार्ता में मंत्री प्रवेश ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिन कार्यों को सूचीबद्ध किया गया, उनमें कूड़े के पहाड़ों का निस्तारण, पार्कों का निर्माण व रखरखाव, फुटपाथों और पक्के रास्तों की मरम्मत, ई-वेस्ट प्रबंधन, यमुना नदी की सफाई, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को मजबूत करना, सड़कों की सफाई और यांत्रिक झाड़ू व्यवस्था, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, नालों का रखरखाव और जल शोधन संयंत्रों का उन्नयन सहित कई बुनियादी नागरिक दायित्व शामिल हैं। मंत्री प्रवेश ने कहा कि ये कोई नई योजनाएं या असाधारण मांगें नहीं हैं। ये किसी भी सरकार के बुनियादी कर्तव्य हैं। यह सारा काम पिछले 11 वर्षों में पूरा हो जाना चाहिए था। यदि इसका आधा भी किया गया होता, तो आज दिल्ली के लोग परेशान नहीं होते।

उन्होंने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की पर्यावरणीय और नागरिक समस्याएं अचानक पैदा नहीं हुई हैं, बल्कि वर्षों की उपेक्षा का परिणाम हैं। दिल्ली में प्रदूषण एक साल में नहीं बढ़ा। यह वर्षों से लगातार बढ़ता रहा है। आज जो हालात हैं, वे कमजोर योजना, गलत प्राथमिकताओं और निरंतर लापरवाही का नतीजा हैं। मंत्री प्रवेश ने बताया कि जब 20 फरवरी 2025 को भाजपा-नेतृत्व वाली सरकार ने कार्यभार संभाला, तब की गई विस्तृत समीक्षा में सामने आया कि इन कार्यों में से पांच प्रतिशत से भी कम ज़मीन पर पूरे हुए थे, जबकि पूर्व सरकार बार-बार घोषणाएं करती रही।

- पिछली सरकार ने 11 साल में अगर आधा भी काम किया होता तो दिल्ली आज प्रदूषण, जलभराव और जर्जर बुनियादी ढांचे से नहीं जूझ रही होती
- प्रवेश साहिब सिंह ने पूर्व दिल्ली सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में लंबित रहे कार्यों से जुड़ी फाइलों का पुलिंदा मीडिया के समक्ष किया प्रस्तुत

### प्रदूषण नियंत्रण में मिलेगी मदद : रेखा गुप्ता

# सीएम ने 100 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार लगातार राजधानी में स्वच्छ, सतत और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करके प्रदूषण को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अंतर्राज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी), कश्मीरी गेट से 100 नई इलेक्ट्रिक बसों को डीटीसी बेड़े में शामिल किया।

राजधानी में अब ईवी बसों की संख्या 3 हजार 500 से अधिक हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने कश्मीरी गेट बस अड्डे से ही धौला कुआं (दिल्ली) से धारूहेड़ा (हरियाणा) तक नई अंतर्राज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण व प्रभावी कदम उठाए हैं। इस अवसर पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सशक्त बनाने, यात्रा को मंजिल तक पहुंचाने और प्रमुख मार्गों पर जाम एवं प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि धौला कुआं-धारूहेड़ा रूट पर ई-बस सेवा क्षेत्रीय आवागमन को मजबूत करने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों में भी अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हमारी सरकार द्वारा पिछले 10 महीनों में सालों से बदहाल रही परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले वर्षों में बंद पड़ी अंतर्राज्यीय बस सेवाओं को पुनः चालू किया गया है और विश्वविद्यालयों की बंद पड़ी यू-स्पेशल व अन्य बस सेवाओं को भी बहाल किया गया है।

- धौला कुआं से धारूहेड़ा तक अंतर्राज्यीय बस सेवा भी हुई शुरू

## प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजधानी में वाहनों के पीयूसी जांच के लिए नंद नगरी, तेंहखंड और बुराड़ी में ऑटोमेटेड परीक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां हजारों वाहन अपना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए पिंक कार्ड सुविधा जल्द ही शुरू की जा रही है, जिससे उन्हें बार-बार टिकट लेने की आवश्यकता नहीं होगी और वे किसी भी बस में आसानी से यात्रा कर सकेंगी।

## बस सेवा की शुरुआत से कर्मचारियों और छात्रों को आने-जाने में होगी सुविधा

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी और उसके आसपास स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि धौला कुआं-धारूहेड़ा बस सेवा की शुरुआत से कार्यालय जाने वाले, छात्र और औद्योगिक कर्मचारी दिल्ली से आसानी से जुड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि निजी वाहनों पर निर्भरता घटाकर यह सेवा ट्रैफिक जाम और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद करेगी, साथ ही डीटीसी की अंतर्राज्यीय सेवाओं और राजस्व को भी मजबूत करेगी।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने सीएम रेखा व सिरसा को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मनजिंदर सिंह सिरसा को सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर समारोह आयोजित करने का अवसर मिला। गुरु साहिब की कृपा से ही यह सब संभव हो पाया है।

मंत्री सिरसा ने अपने संबोधन में कहा कि वह सिख कौम के सभी सदस्यों के आभारी हैं जिन्होंने सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार द्वारा सिखों के दिवस मनाने में भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और देश के सिखों ने हमेशा भाजपा का साथ दिया है और आगे भी देते रहेंगे, और इसी कारण भाजपा भी सिखों के साथ खड़ी है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रांसफॉर्मेशन चैलेंज में दिनेश प्रथम रहे



**फरीदाबाद।** सेक्टर 49 सैनिक कॉलोनी स्थित बॉडीजोन जिम में छठे व चार महीने के ट्रांसफॉर्मेशन चैलेंज का आयोजन किया गया। इस फिटनेस चैलेंज का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को फिटनेस और डाइट की सही जानकारी देना था। जिससे वे अपनी बॉडी को बेहतर बना सकें। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को जिम के मालिक एवं ट्रेनर हरप्रीत सिंह द्वारा वर्कआउट और डाइट प्लान दिए गए। वहीं विश्वनाथ ईश्वरन द्वितीय, हेनरी जैसन तृतीय, सागर धीमान चतुर्थ और दिवेश कथूरिया पांचवें स्थान पर रहे। इसी प्रकार महिलाओं के मध्यवर्ती स्तर निकी बंसल ने पहला इस आयोजन ने फिटनेस प्रेमियों को नई ऊर्जा दी।

### स्थापना दिवस पर 47वीं वाहिनी पीएसी गाज़ियाबाद का ऐतिहासिक गौरव



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश की सर्वोत्तम वाहिनी चयन प्रतियोगिता में 47वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उपलब्धि हेतु सेनानायक श्रीमती चारू निगम (आईपीएस) को चल वैजयन्ती प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 47वीं वाहिनी की उच्चस्तरीय कार्यकुशलता, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं संचालन क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। चारू निगम ने बताया कि 47वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद की यह ऐतिहासिक सफलता न केवल बल की पेशेवर दक्षता, समर्पण एवं अनुकरणीय कार्यसंस्कृति को दर्शाती है।

# प्रत्येक मरीज को बेहतर, संवेदनशील और उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ ने जीटी रोड स्थित एमएमजी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जानी। जिसमें उन्होंने जाना की मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी महोदय विभिन्न वार्डों में पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से डॉक्टरों की नियमित विजिट, इलाज की गुणवत्ता, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। मरीजों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार करने के निर्देश भी दिए।

**खास बातें**

- निरीक्षण के दौरान अस्पताल व्यवस्ताओं का जायजा लिया
- मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी
- मरीजों को फल वितरित किए गए

**जिलाधिकारी माँदड़ ने एमएमजी अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों व तीमारदारों को वितरित किए कंबल व फल**



इस अवसर पर उन्होंने मरीजों को फल वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में मौजूद जरूरतमंद मरीजों एवं उनके तीमारदारों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अस्पताल में आने वाला कोई भी व्यक्ति असुविधा महसूस न करें और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर एवं रैन बसेरे की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था में कहीं भी लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने को कहा, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था, जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाइयों, डॉक्टरों की समयबद्ध विजिट तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएं, ताकि उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके।

### नई दिल्ली हिंदी शिक्षण योजना मध्योत्तर गृह मंत्रालय की सहायक निदेशक पूनम ने शिरकत की

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैंक एवं बीमा कंपनियां की 21 वीं छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास बैंक एवं बीमा कंपनियां फरीदाबाद की 21वीं छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नीलम-बाटा रोड़ स्थित होटल राज मंदिर में केनरा बैंक के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली (हिन्दी शिक्षण योजना मध्योत्तर) गृह मंत्रालय की सहायक निदेशक (भा.) श्रीमती पूनम ने शिरकत की। इस मौके पर श्रीमती पूनम का नराकास के अध्यक्ष राज मंगलम ने पौधा भेंट कर व नराकाश उपाध्यक्ष आशीष कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंट स्वागत किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन नराकास के सचिव हरकेश्वर कुमार ने किया। इस अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक से उप महा प्रबंधक प्रवीण कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक शरद खण्डेलवाल, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के सहायक महाप्रबंधक पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य सदस्य बैंकों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**खास बातें**

- समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया
- कार्यक्रम का संचालन नराकाश के सचिव हरकेश्वर ने किया
- सहायक निदेशक का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया

**पत्रिका का विमोचन किया गया**



इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने अरावली उद्घोष अंक 4 पत्रिका का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम ने उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को बने हुए 50 वर्षों से हो गए है। भारत सरकार के प्रयासों से बैंक और बीमा कम्पनियों में ज्यादातर काम नगर राजभाषा में किए जाते है। इसका मकसद केवल और केवल पूरे भारत को राजभाषा से जोड़े रखना है। उन्होंने बैंक और बीमा क्षेत्र की कंपनियों से अनुरोध किया है कि वह लोन से जुड़े कागजातों व ईमेल में भी राजभाषा का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में इसी वर्ष राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम में राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नराकाश के फरीदाबाद अध्यक्ष राज मंगलम ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त रिपोटों की संक्षिप्त समीक्षा की।

**कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ**

कार्यक्रम में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किए गए। नराकास के सचिव हरकेश्वर कुमार ने बताया कि नगर राजभाषा का कई बैंकों में 90 से 99 प्रतिशत तक कार्य किया जा रहा है जोकि खुशी की बात है। हमारे सभी बैंक सदस्यों का ज्यादा से ज्यादा प्रयास रहता है कि राजभाषा का कार्यान्वयन ज्यादा से ज्यादा कार्य किए जाऐं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### एनर्जी मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाने जाते है फरीदाबाद निवासी डॉ. पीपी मित्तल

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू डॉ. पी पी मित्तल को ऊर्जा ऑडिटर का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सतत योगदान के लिए सेक्टर-21ए फरीदाबाद निवासी डॉ.पीपी मित्तल को आज देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक भारत के सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा ऑडिटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। डॉ.पी. पी मित्तल को देशभर में उनके निरंतर और प्रभावशाली कार्यों के कारण एनर्जी मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। वे पिछले कई वर्षों से ऊर्जा बचत, ऊर्जा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से उद्योगों, संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा की बड़ी मात्रा में बचत संभव हुई है।

### इनर व्हील क्लब सेंट्रल की ओर से नेत्रहीन जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

इनर व्हील क्लब फरीदाबाद सेंट्रल की ओर से आज सेक्टर-14 में नेत्रहीन जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कर गया।इसमें चार जोड़ों ने विवाह बंधन में बंद कर फेरे लिए।

इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन दीपिका बाली ने कहा कि कन्यादान महादान होता है और किसी दूसरे की कन्या को अपनी कन्या मानकर कन्यादान करना उससे भी बहुत बड़ा कार्य होता है और इनर व्हील क्लब फरीदाबाद सेंट्रल ऐसे कार्यों में लगातार आगे रहा है। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट रेनू ठक्कर ने बताया कि इस बार से नो टू प्लास्टिक मुहिम को आगे ले जाते हुए जो शादी में भाजी दी जाती है वह भी स्टील के बर्तनों में उपलब्ध कराई गई है। रोटरी क्लब लगातार समाज से जुड़े हुए कार्य में आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है चाहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए वृक्ष लगाना हो या फिर से नो टू प्लास्टिक कैंपेन हो या फिर नेत्रहीन जोड़ों का सामूहिक विवाह कराना हो।

सघन और रसपूर्ण प्रस्तुति आयोजित की गई

# त्रिवेणी कला संगम में सजी सुरों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सांस्कृतिक परिदृश्य में बीती शाम एक विशिष्ट शास्त्रीय संगीत संध्या के नाम रही, जब बीनू हेरिटेज द्वारा त्रिवेणी कला संगम में हिंदुस्तानी संगीत की सघन और रसपूर्ण प्रस्तुति आयोजित की गई। गैर-लाभकारी संस्था बीनू (बीईएनयू) द्वारा परिकल्पित इस आयोजन का उद्देश्य शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को निकट और आत्मीय वातावरण में परंपरागत संगीत से रूबरू कराना था।

संध्या का शुभारंभ प्रसिद्ध गायक अर्घ्य चक्रवर्ती की



खयाल प्रस्तुति से हुआ। उन्होंने राग भूपाली में विलंबित और द्रुत बंदिशों के माध्यम से राग की निर्मलता और उजास को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। इसके पश्चात प्रस्तुत दादरा 'तुम बिन नींद न आए सावरिया' (राग मिश्र किरवानी) में उनकी भावपूर्ण गायकी ने श्रोताओं को रस में डुबो दिया। इसके बाद मंच पर आईं विदुषी पद्मजा चक्रवर्ती की गायकी में गंभीरता के साथ माधुर्य का सुंदर संतुलन दिखाई दिया। उन्होंने राग मारू बिहाग में खयाल प्रस्तुत कर राग के विस्तार और भावात्मक गहराई को सलीके से रखा। वहीं ठुमरी—'हम से नजरिया काहे फेरी हो बलमा' (मिश्र बिहाग) में श्रृंगार और कोमल भावों की सजीव अभिव्यक्ति सुनने को मिली। संध्या का एक विशेष आकर्षण रहा उनका झूला 'सिया संग झूले बगिया में राम ललना' (मिश्र तिलक कामोद), जिसमें लोक और शास्त्रीय का मनोहर संगम दिखाई दिया।

### आलोकतांत्रिक कदम बताया

# जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष हाउस अरेस्ट प्रदर्शन कर रहे कई कांग्रेसी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



भाजपा कार्यालय पर गुरुवार की घोषित प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव हो हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके अलावा कई प्रदर्शन कर रहे कई कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। मालीवाड़ा चौक पर प्रदर्शन कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव, विनीत त्यागी समेत कई कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

साथ ही युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी,जिला उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा , हर्ष सिंह प्रेमी , उपाध्यक्ष दीपक भाटी,मुरादनगर कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष नीतिन शरमा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए और बाद ने छोड़ दिया गया। यह प्रदर्शन नेशनल हेराल्ड केस में केंद्र की भूमिका के विरोध में था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह साजिश के तहत कांग्रेस के बड़े नेताओं का षड्यंत्र का पर्दाफाश हो गया है। सतीश शर्मा ने कहा कि कुछ महीने पहले जब भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गाजियाबाद का घेराव किया था, तब भाजपा के किसी भी मुख्य नेता या कार्यकर्ता को घर में बंधक क्यों नहीं बनाया गया? क्या कानून सबके लिए समान नहीं है? वीर सिंह जाटव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान को मानने वाली पार्टी है। यह देश संविधान से चलता है, तानाशाही से नहीं।

### जीऑन ने ऑल-इन-वन पॉवर बैकअप सॉल्यूशन किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बिजली कटौती, वोल्टेज उतार-चढ़ाव और अनिश्चित सप्लाई की स्थिति में घरों और छोटे व्यवसायों के लिए निर्बाध और भरोसेमंद पॉवर बैकअप सुविधा आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, एनर्जी स्टोरेज कंपनी- जीऑन ने एक ऐसा समाधान प्रस्तुत किया है, जो वर्तमान आवश्यकता के अनुसार एक व्यावहारिक और भरोसेमंद विश्वसनीय विकल्प पेश करता है। इसमें इंटीग्रेटेड इन्वर्टर के साथ 95 प्रतिशत तक कम बिजली खपत, मरम्मत-फ्री और भरोसेमंद पॉवर बैकअप समाधान है।

इस अवसर पर जीऑन के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद काबरा ने कहा, आज पॉवर बैकअप में कीमत से ज्यादा उसका लंबे समय तक चलना और जी लिथियम में लिथियम टेक्नोलॉजी, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम और इन्वर्टर को एक साथ जोड़ा गया है। घर और ऑफिस में लगातार बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया जी लिथियम स्वच्छ और स्थिर बिजली सप्लाई देता है। इससे मेडिकल उपकरण, लैपटॉप, वाई-फाई सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और बिलिंग मशीन जैसे संवेदनशील उपकरण सुरक्षित रहते हैं। इसका आसान डिस्प्ले सिस्टम की स्थिति को एक नज़र में समझने में मदद् करता है।

### बकाया किराया वसूलने गई थी फ्लैट मालकिन, आरोपी गिरफ्तार

# किरायदार दंपत्ति ने फ्लैट मालकिन की हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर सूटकेस में छिपाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



राजनगर एक्सटेंशन में किरायेदारों ने एक महिला की सनसनीखेज तरीके से हत्या कर शव को टुकड़े-टुकड़े करके सूटकेस में भर कर छिपा दिया। महिला फ्लैट की मालिक थी और बुधवार की देर शाम अपने किरायेदारों से पांच महीने का बकाया किराया वसूलने के लिए गयी थी। तभी किरायेदार दंपत्ति ने उन पर पहले कुकर से हमला कर दिया। इसके बाद जब वह बेहोश हो गयी, तो चाकू से गला काट दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला की लाश के छोटे-छोटे टुकड़े करके सूटकेस में भरकर बैड में छिपा दिए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

मामला नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित औरा चिमेरा सोसाइटी का है। सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम उपासना पाण्डेय ने बताया कि हरियाणा में एक निजी कंपनी में इंजीनियर उमेश शर्मा के राजनगर एक्सटेंशन की औरा चिमेरा सोसायटी में दो फ्लैट हैं। एक फ्लैट में उमेश अपने परिवार के साथ रहते हैं जबकि दूसरा फ्लैट किराए पर उठा रखा था। उमेश शर्मा के दूसरे फ्लैट पर किराए पर अजय गुप्ता और उसकी पत्नी आकृति गुप्ता रहती थी। उन्होंने बताया कि अजय गुप्ता ने बीते 5 महीने से फ्लैट का किराया नहीं दिया था। उमेश शर्मा की पत्नी दीपशिखा शर्मा (40वर्ष)अक्सर किराया लेने के लिए फ्लैट पर जाया करती थी। बुधवार शाम को भी दीपशिखा शर्मा किरायेदारों से किराया लेने के लिए पहुंची थीं। जब कई घंटे तक दीपशिखा शर्मा घर वापस नहीं पहुंचीं तो परिवार वालों को चिंता हुई। सोसाइटी के सीसीटीवी चेक किए गए, जिसमें दीपशिखा फ्लैट की ओर जाती दिखाई दीं लेकिन वापस आती हुई नहीं देखी गईं। शक होने पर दीपशिखा के की मेड किराएदारों के फ्लैट पर पहुंच गयी। उसने किरायेदारों से दीपशिखा शर्मा के बारे में पूछा तो फ्लैट में मौजूद पति-पत्नी आनाकानी करने लगे और फ्लैट से भागने की कोशिश की। लोगों ने पति-पत्नी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अजय गुप्ता और आकृति गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उनकी निशानदेही पर फ्लैट से सूटकेस में दीपशिखा शर्मा का शव बरामद किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जीडीए ठेकेदारों ने जीडीए उपाध्यक्ष से मिलकर रखी समस्याएं, मिला सकारात्मक आश्वसन

# निर्माण एवं विकास ने नई प्रणाली छोटे ठेकेदारों के लिए बेहद खतरनाक: महासचिव त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद



बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधमंडल जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल से मिला और अपनी समस्यायों से अवगत कराया। ठेकेदारों ने निर्माण एवं विकास ने नई प्रणाली का विरोध किया। जीडीए उपाध्यक्ष ने ठेकेदारों की समस्यायों को सुना तथा उनका समाधान करने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

यह प्रतिनिधिमंडल बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश सेंटर के महासचिव संजय त्यागी के नेतृत्व में मिला। संजय त्यागी ने जीडीए उपाध्यक्ष को अवगत कराया कि जीडीए में किए जाने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए नई प्रणाली लागू कर भिन्न-भिन्न एस्टीमेटस को इकट्ठा कर बड़े-बड़े पैकेज बनाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के लागू होने से छोटे व मझोले स्तर के ठेकेदारों का रोज़गार पूरी तरह संकट में आ जाएगा तथा मात्र चंद बड़े ठेकेदारों का ही वर्चस्व कायम हो जाने की आशंका है।

इस व्यवस्था के लागू होने से बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा मझोले एवं छोटे स्तर की निविदाओं पर निर्भर रहने वाले संविदाकारों के परिवारों पर भारी आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा और बहुत बड़ी बेरोजगारी की समस्या खड़ी हो जाएगी।

इस व्यवस्था को रोकने का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष से निवेदन किया कि पूर्व की तरह ही सभी श्रेणियों के कार्य कराने के ही एस्टीमेट तैयार करवाए जाएं ताकि बेरोजगारी और आर्थिक संकट से ठेकेदारों को बचाया जा सके।

लाल चंद शर्मा (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष) सुनील गर्ग (अध्यक्ष गाज़ियाबाद सैंटर) सतीश कसाना, विनीत चौहान, अरुण तोमर, कृष्ण पाल सिंह, संजय शर्मा, परमेंद्र कुमार, ओमकांत शर्मा, लोकेश चौधरी, संजय शुक्ला सोनू कुमार आदि ठेकेदार उपस्थित रहे।

### एनसीआरटीसी उत्तर प्रदेश में करेगा 110 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर्यावरण- अनुकूल बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में 110 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट का निर्माण करेगा यह कार्य एनएलसी इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है, जो भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आने वाला एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। एनएलसी इंडिया लिमिटेड को यह कार्य ओपन टेंडर के माध्यम से दिया गया है। इस प्लांट का कार्य अगले 24 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है और अनुमानित है कि इसके माध्यम से इस कॉरिडोर की कुल विद्युत आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा सकेगा। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस परियोजना के साथ, देश में आरआरटीएस और मेट्रो ट्रांजिट सिस्टम में कैप्टिव सोलर पावर प्लांट की पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत, एनसीआरटीसी और एनएलसी संयुक्त उद्यम के माध्यम से यह सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करेंगे। यह प्लांट उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जाएगा और इसे प्रदेश की ग्रिड से जोड़ा जाएगा। प्रदेश की ग्रिड के माध्यम से नमो भारत कॉरिडोर पर बने रिसीविंग सब-स्टेशनों तक विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जहां से पूरे कॉरिडोर को बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस पहल से प्रतिवर्ष लगभग 1,77,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे स्वच्छ और सतत शहरी परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

पत्र संख्या 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 111,112,113,114,115/25-26-डब्लू-4 दिनांक: 18.12.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | (1) सहायक मंडल अभियंता जाखल के आधीन दिल्ली–बठिंडा खंड पर स्थित समपार संख्या 177, 196, 200, 201, 202, 203, 214, 216, 226, 228, 229 और 231 पर बाईं ओर शेड लगाने और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान हेतु कार्य (निविदा संख्या 111–25–26-W-IV)<br>(2) सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन दिल्ली–बठिंडा खंड के अंतर्गत समपार संख्या 106, 118 और 142 तथा जींद– सोनीपत खंड के अंतर्गत 4, 59, 160, 185, 193, 200बी, 201ए, 202, 203ए, 203बी, 207, 209 और 233 पर बाईं ओर शेड लगाने और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान हेतु कार्य (निविदा संख्या 112–25–26-W-IV)<br>(3) सहायक मंडल अभियंता जाखल के अंतर्गत एस.एस.ई/डब्ल्यू/जे.एच.एल खंड में केएलडब्ल्यूएन (कलवान), काहंगढ़ (केएजीआर) और रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का प्रावधान हेतु कार्य (निविदा संख्या 113–25–26-W-IV)<br>(4) सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अंतर्गत रोहतक-पानीपत पर समपार संख्या 27, 32, 36@44 और 44@41 तथा अस्थल बोहर रेवाड़ी पर 12. 15, 100 और 106 तथा दिल्ली भटिंडा खंड पर 82 के पर बाईं ओर शेड आवरण और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान हेतु कार्य (निविदा संख्या 114-25-26-W-IV)<br>(5) सहायक मंडल अभियंता जाखल के अंतर्गत दिल्ली-भटिंडा खंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 197 पर सीमित ऊंचाई सबवे (LHS) का निर्माण हेतु कार्य (निविदा संख्या 115–25–26-W-IV) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 14,96,97,685.20 (2) Rs. 14,96,94,484.37 (3) Rs. 9,78,81,539.70 (4) Rs. 9,89,14,658.87 (5) Rs. 4,91,05,092.28 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 8,98,500.00 (2) Rs. 8,98,500.00 (3) Rs. 6,39,400.00 (4) Rs. 6,44,600.00 (5) Rs. 3,95,500.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 26.12.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 09.01.2026 को 15:00 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

3914/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ के ककराबाद में 6 एकड़ की जमीन पर बनेगा नया भातखंडे संस्कृति विवि

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पीढ़ी दर पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक चेतना को, उसके स्वर, लय और संस्कारों को एक नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय अब नए कलेवर में नजर आएगा। 1926 में भातखंडे संगीत का छोटा केंद्र था। तब की आवश्यकताओं के लिए सुविधाएं पर्याप्त थी। आज के लिए या बहुत कम है। उन्होंने कहा की इसलिए सरकार ने लखनऊ के ककराबाद में लगभग छह एकड़ भूमि इस विश्वविद्यालय को प्रदान की है। जहां विश्वविद्यालय के नवीन भवन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवीन भवन के लिए विश्वविद्यालय और पर्यटन व संस्कृति विभाग यह सुनिश्चित करें कि जो भी बने वह वैश्विक मानक का होना चाहिए। जिसमें आधुनिक और सामग्र सुविधा परिसर में ही उपलब्ध हो। जहां शिक्षा, शोध, साधना और सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए कार्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन भवन में दो ऑडिटोरियम होने चाहिए। एक छोटा 200 से ढाई सौ की क्षमता का और एक बड़ा हजार-1200 से लेकर 1500 की क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जाए। उन्होंने कहा की यहां एक ओपन थिएटर और अच्छी लाइब्रेरी की स्थापना भी होनी चाहिए।

## गुरुदेव रबिंद्रनाथ टैगोर की चिट्ठी का उल्लेख



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 1940 में गुरुदेव रबिंद्रनाथ टैगोर ने एक पत्र जारी कर इस संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे की भावनाओं के अनुरूप इस संस्थान को विश्वविद्यालय का स्वरूप प्रदान किया जा सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ और वर्ष 1950 में संविधान लागू हुआ। इसके बाद वर्ष 2017 तक अनेक सरकारें आईं और गईं, लेकिन तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक ने भातखण्डे संस्थान को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के विषय में उनसे संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रस्ताव आने में देर हुई, विभाग से निरंतर संवाद हुआ और अंततः वर्ष 2022 में सरकार ने इसे विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी। यह उत्तर प्रदेश का पहला संस्कृति विश्वविद्यालय है। उन्होंने कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा विश्वविद्यालय का कुलगीत और लोगो 'नादाधीनं जगत' थीम पर आधारित किया गया, जिसका अर्थ है-पूरा जगत नाद के अधीन है। यह जीवन की सच्चाई को दर्शाता है।

## ओंकार है सृष्टि का पहला स्वर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस सृष्टि का पहला स्वर ओंकार है। उन्होंने नाद योग का उल्लेख करते हुए कहा कि विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति तीनों ही इसकी पुष्टि करते हैं। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय का विजन भी यही है कि नाद के अधीन पूरा जगत है। उन्होंने कहा कि संगीत की विभिन्न विधाओं के माध्यम से इसी नाद की पहचान करना साधना का विषय है। विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व कलाकारों को सम्मानित किए जाने पर उन्होंने कहा कि ये कलाकार न केवल भातखण्डे की परंपरा, बल्कि उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों को भी वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं। कॉफी टेबल बुक के विमोचन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाले समय में यह पुस्तक प्रेरणा का कार्य करेगी। देश की आजादी के शताब्दी महोत्सव के साथ जब विश्वविद्यालय जुड़ रहा होगा, तब यह कॉफी टेबल बुक अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध होगी।

### पं. विष्णु नारायण भातखण्डे के योगदान को किया याद

मुख्यमंत्री योगी ने पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 1926 में देश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित थी और संगीत तथा कला के लिए मंच उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि उस दौर में पंडित भातखण्डे ने भारतीय संगीत को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। शास्त्रीय अनुशासन, सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, राग-ताल का वर्गीकरण, क्रमिक पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना उनका ऐतिहासिक योगदान था। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति को आत्मसम्मान, आत्मगौरव और स्थायित्व देने का प्रयास था।

## खबर संक्षेप

### सरावगी ने संभाला पद पटना में किया रोड शो



**पटना।** बिहार भाजपा के लिए आज बड़ा दिन रहा। दरभंगा विधानसभा सीट से पार्टी के विधायक संजय सरावगी गुरुवार बिहार भाजपा के नए बॉस के तौर पर कुर्सी संभाली। इससे पहले उन्होंने पटना में रोड शो किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संजय सरावगी को पार्टी की बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

### झारखंड को मिलेगी पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी



**रांची।** रांची के ब्राम्बे इलाके में मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए जमीन की पहचान कर ली गई है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने उम्मीद जताई है, जनवरी के अंत तक यूनिवर्सिटी की आधारशिला रख दी जाएगी। राज्य गठन के 25 साल बाद मेडिकल यूनिवर्सिटी न होने के कारण डॉक्टरों व शिक्षकों की भारी कमी रही है। यह यूनिवर्सिटी कमी को दूर करेगी।

## पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत विभिन्न विभागों में होंगी भर्तियां

10 सालों में 10 लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात

# नए साल में युवाओं को डेढ़ लाख नौकरियां देने जा रही योगी सरकार

यूपी में सरकारी भर्तियों का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए गुड न्यूज है। योगी सरकार युवाओं को नए वर्ष पर बड़ा तोहफा देने जा रही है। योगी ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नए वर्ष पर बड़ा तोहफा देने जा रही है। योगी ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है। ये नौकरियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत प्रदेश विभिन्न विभागों में दी जाएगी। इसमें सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। इसी के साथ 2026 में योगी सरकार के नाम सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली सरकार होगी, जिसने 10 सालों में 10 लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात दी।

योगी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी है। यह सभी भर्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुईं। इससे प्रदेश के युवाओं का योगी सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। पहले की सरकारों में उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों में पारदर्शी माहौल नहीं था।

## अधिकारियों के साथ बैठक कर खाली पदों की मांगी जानकारी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न विभागों के खाली पदों की जानकारी मांगी। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन जाती करने के काम अंतिम चरण में है। कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। प्रस्तावित भर्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल तक योगी सरकार पहली सरकार बन जाएगी जिसने दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां दीं।

**पुलिस व शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती**

### राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी देने के लिए पुलिस विभाग में अब तक 2.19 लाख पदों पर भर्ती की गई है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर वर्ष 2026 में पुलिस विभाग की ओर से करीब 50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग द्वारा 30 हजार आरक्षी, 5 हजार सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा विभाग में 15 हजार विभिन्न पदों पर भी भर्ती की जाएगी।

वहीं,शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि शिक्षा विभाग में भी करीब 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती सहायक अध्यापक से लेकर लेक्चरर, प्रधानाचार्य आदि पदों पर होगी।

इसी तरह राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिसमें सबसे ज्यादा लेखपालों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार, बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। अलग अलग आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुल नई भर्तियां करीब डेढ़ लाख से ज्यादा होंगी।

**मंत्री विजय सिन्हा ने बताया**

# सीओ परेशान करे तो कहां- कैसे करें शिकायत, अफसरों की क्लास लगाई

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के भूमि सुधार राजस्व मंत्री सह डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने पटना स्थित ज्ञान भवन में आयोजित भूमि सुधार जन कल्याण कार्यशाला में भूमि अधिकारियों की क्लास लगाई। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी अंचल और डीसीएलआर कार्यालय में शिकायत पेटी रहेगी। आम लोग जमीन से जुड़े मामले की शिकायत पत्र पेटी में देंगे। सीओ कार्यालय की शिकायत पेटी सिर्फ वहां के अंचलाधिकारी ही खोलेंगे। इसी तरह डीसीएलआर कार्यालय में सीओ के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं। इस पेटी को डीसीएलआर खोलेंगे।

### कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाई जाएगी स्पेशल टीम

उपमुख्यमंत्री ने जमीन के मामले में फर्जीवाड़ा करने वालों पर आपराधिक कानूनों के तहत 31 दिसंबर तक प्राथमिकी दर्ज कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए स्पेशल टीम बनाई जाएगी। दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को बरगलाना महंगा पड़ेगा। उड़न दस्ता गठित किया जाएगा जो औचक जांच करगे। जो पकड़े जाएंगे उनका इलाज कर दिया जाएगा। दूसरी ओर बेहतर काम करने वालों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

### बेवजह आवेदन लटकाने वाले नहीं बचेंगे

मंत्री ने कहा कि शिकायत करने के लिए लोग सीधे उनसे मिल सकते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों को समय सीमा के अंदर सभी प्रकार की सेवा देना सुनिश्चित करें। बेवजह आवेदन लटकाने वाले अब नहीं बचेंगे। मंत्री ने कार्यशाला के दिन छुट्टी पर रहने वाले अधिकारियों को शो कॉज करने का आदेश दिया। कहा कि भागने से काम नहीं चलेगा। जो भागेंगे उनका पीछा अंतिम समय तक करेंगे। मंत्री ने सभी सीओ से कहा कि जो कानून पावर उन्हें दिया गया है उनका उपयोग करें। झूठा शपथ देने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं और सही लोगों को परेशान न करें।

## पेज एक का शेष

### भारत-ओमान के ...

दरवाजे खोलेगा। दोनों देशों का रिश्ता विश्वास की नींव पर बना, दोस्ती की ताकत से आगे बढ़ा और समय की ताकत के साथ और गहराता चला गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**निवेश, नवाचार के लिए दिया न्योता:** प्रधानमंत्री ने कृषि के अलावा हर क्षेत्र में निवेश, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ओमान-भारत नवाचार पुल की स्थापना पर जोर दिया। दोनों को ये तय करना पड़ेगा कि आगामी 24 महीने में हम 200 भारतीय, ओमान के स्टार्टअप्स को जोड़ें। इसके अलावा संयुक्त इनक्यूबेटर बनाने, फिनटेक सैंडबॉक्स, एआई-साइबर सिक्योरिटी लैब बनानी होंगी व क्रॉस बॉर्डर वेंचर फंडिंग को बढ़ावा देना पड़ेगा। उन्होंने इसे विचार से इतर निमंत्रण की संज्ञा दी और कहा, निमंत्रण से निवेश, नवाचार और साझा रूप से भविष्य निर्माण होगा। दोनों अपनी पुरानी मित्रता को नई तकनीक, ऊर्जा और नए सपनों से आगे बढ़ाएं।

### आर्थिक-वाणिज्यिक....

के जरिए व्यापार को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। इसके जरिए अर्थव्यवस्था के सभी बड़े क्षेत्रों में संभावनाओं के नए रास्ते खुलेंगे, आर्थिक विकास बढ़ेगा, रोजगार के साथ दोनों देशों में निवेश की गति बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, इस समझौते से हमारे नौजवानों के लिए विकास, नवाचार और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि ये समझौता कागज से निकलकर प्रदर्शन में बदले। जिसमें आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है। क्योंकि जब नीति और उद्यम संग-संग चलते हैं, तभी साझेदारी नया इतिहास बनाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर था।

### खाद्य सुरक्षा बनेगी ....

हम आगामी पांच वर्षों में 5 बड़े ग्रीन प्रोजेक्ट्स शुरू कर सकते हैं? ग्रीन हाइड्रोजन, अमोनिया, सोलर पार्क, एनर्जी स्टोरेज व स्मार्ट ग्रिड के क्षेत्र में नए बेंचमार्क बनाने हैं। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा को जरूरी बताते हुए कहा कि ये आने वाले समय एक बड़ी वैश्विक चुनौती बनने जा रही है। ऐसे में क्या दोनों देश मिलकर एग्री नवाचार केंद्र बना सकते हैं? जिससे ओमान की खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और भारत के एग्रीटेक को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### साझा प्रगति के ....

नहीं बल्कि अपने आर्थिक डीएनए को बदलना मानता हूं। हमारी प्रगति हमेशा से ही साझा प्रगति की कहानी रही है। जब हम विकास करते हैं तो अपने मित्रों को भी उसमें साझेदार बनाते हैं। वर्तमान में भी यही कवायद चल रही है। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसमें पूरी दुनिया के लिए अवसर हैं और ओमान के लिए तो लाभ और अधिक बड़ा है।

### हर मौसम में ....

बना है। जिसने हमारे रिश्तों को मजबूत किया, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी है। इसी से हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि समंदर की लहरें और मौसम बदलते हैं। लेकिन भारत-ओमान की दोस्ती हर मौसम में और मजबूत होती है तथा हर लहर के साथ नई ऊंचाई को छूती है।

### भविष्य के लिए....

रहे हैं। ऐसे प्रयासों से ही विश्व में मेक इन इंडिया को लेकर उत्साह है। सुधारों को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने ताकत दी है। प्रशासन पेपर मुक्त हुआ है, अर्थव्यवस्था कैशलैस हुई है व सिस्टम कहीं अधिक प्रभावी, पारदर्शी और पूर्वानुमेय हुआ है।

### एक संप्रभु और...

गाजा शांति समझौते के पहले चरण का दोनों नेताओं ने स्वागत करते हुए इसके लिए अपनी ओर से समर्थन देने का ऐलान किया। इलाके में शांति-स्थिरता बहाली के लिए जारी सभी प्रयासों में समर्थन देने के लिए भी पीएम मोदी और ओमान के सुल्तान बैठक में एकमत नजर आए और उन्होंने बातचीत और कूटनीति के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। जिसमें एक संप्रभु और स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना भी शामिल है। बैठक के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के सुल्तान को उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया।

**स्थानीय मुद्राओं में होगा व्यापार ?:** स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पर जारी चर्चाओं पर भी दोनों नेताओं ने ध्यान केंद्रित किया। द्विपक्षीय निवेश संधि को लेकर जारी प्रगति का दोनों ने बैठक में स्वागत किया और आर्थिक सहयोग व एक व्यापक निवेश फ्रेंडली वातावरण को तैयार करने के संबंध में इसकी क्षमता को रेखांकित किया। वार्ता में दोनों पक्षों ने स्वीकार किया कि भारत एक तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, ओमान की आर्थिक विविधता में की गई प्रगति को भी बातचीत में सराहना मिली। साझा हितों से जुड़े प्राथमिक निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देश तैयार हैं। जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक, निवेश, खाद्य सुरक्षा व लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी मुख्य हैं। संयुक्त निवेश फंड को भी भविष्य में और अधिक बढ़ावा देने के लिए भारत, ओमान तैयार हैं।

**संबंधों का अहम स्तंभ व्यापार-निवेश:** पीएम मोदी और ओमान के सुल्तान ने माना कि व्यापार-निवेश द्विपक्षीय सहयोग का एक मुख्य स्तंभ है। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल्स, उपकरण और उर्वरक जैसे क्षेत्रों के विजन में सामंजस्य की वकालत दोनों ने की है। भारतीय पक्ष ने ओमान की 2040 के विजन के तहत की गई आर्थिक विविधता और सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर प्रशंसा की। जबकि ओमान ने भारत के सतत आर्थिक विकास और 2047 के विकसित भारत विजन के लिए उसकी सराहना की है। दोनों देशों ने अपने-अपने विजन के तहत सामंजस्य को लेकर आम राय जाहिर करते हुए अपने-अपने नागरिकों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए साझा हितों के क्षेत्र में एकजुटता से कार्य करने को लेकर भी सहमति दी है।

### ऊर्जा-रक्षा सहयोग ....

वैश्विक ई-एंड-पी संभावनाएं भी शामिल हैं। नवीन-नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े क्षेत्रों जैसे ग्रीन अमोनिया, हाइड्रोजन में सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। सतत ऊर्जा लक्ष्यों को लेकर सामंजस्य व प्रस्तावित संयुक्त निवेश, तकनीक हस्तांतरण तथा दीर्घावधि साझेदारी पर भी दोनों देश ध्यान देंगे। तेजी से बढ़ते रक्षा सहयोग की सराहना दोनों पक्षों ने की और इस क्षेत्र में निरंतर सहयोग बनाए रखने पर जोर दिया। इस प्रक्रिया से साझा लक्ष्यों और वैश्विक शांति, स्थिरता को बनाए रखने में मदद मिलेगी। समुद्री अपराधों, डकैती से निपटने के लिए संयुक्त कदम उठाने पर भी भारत-ओमान राजी हुए। समुद्री क्षेत्र में जागरूकता और सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत बनाया जाएगा। समुद्री सहयोग को लेकर दोनों देशों ने एक साझा विजन दस्तावेज को स्वीकार किया है। जिससे उनकी क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकॉनमी और समुद्री संसाधनों के सतत इस्तेमाल को लेकर साझा प्रतिबद्धता झलकती है। दोनों दिग्गज नेताओं ने माना कि दो पड़ोसी समुद्री देश होने के नाते हमारे संबंध समय की कसौटी पर रखे उतरते हुए एक बहुआयामी सामरिक साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं।

### ये 6 समझौते, ....

अलावा समुद्री विरासत-संग्रहालय, कृषि-अन्य क्षेत्रों तथा उच्च-शिक्षा जैसे क्षेत्रों में 3 एमओयू हुए हैं। श्री अन्न बाजरा-कृषि खाद्य नवाचार में सहयोग के लिए एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम होगा, समुद्री सहयोग के लिए संयुक्त विजन दस्तावेज को स्वीकार किया गया है।

### कांग्रेस ने बापू ....

वोट पाने के लिए बापू गांधी का नाम याद किया। मैं कहना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमजीएनईजीए को सही ढंग से और मजबूती से लागू किया। जीआरएएम जी विधेयक पर आठ घंटे चली चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार अपने द्वारा की गई विभिन्न पहलों के माध्यम से महात्मा गांधी के आदर्शों को बरकरार रखने को सुनिश्चित कर रही है। चौहान ने कहा, "कांग्रेस ने बापू के आदर्शों का नाश किया, एनडीए ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और आयुष्मान भारत के तहत बने पक्के मकानों के जरिए बापू के जीवन को संजोया।" वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की इस आलोचना का भी खंडन किया कि मोदी सरकार मनमाने ढंग से योजनाओं के नाम बदलती है और जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के नाम पर रखे गए कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का उदाहरण दिया। कांग्रेस पर खानदान के महिमामंडन में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शिवराज ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम पर योजनाओं के नाम रखे गए। उन्होंने दावा किया कि 25 नाम स्वर्गीय राजीव गांधी और 27 नाम इंदिरा गांधी के नाम पर रखे गए। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों, सड़कों, इमारतों, अवार्ड्स के नाम भी इसी खानदान के लोगों के नाम पर रखे गए।

चौहान ने कहा कि 151282 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि इसके लिए आवंटित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा-मनरेगा करती है, लेकिन यूपीए सरकार ने इस योजना में कितना खर्च किया। उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा, 'यूपीए सरकार ने 2006-07 से लेकर 2013-14 तक 213220 करोड़ रुपये कुल खर्च किया। वहीं 2024-25 तक एनडीए सरकार ने 853810 करोड़ रुपये खर्च किये। यूपीए सरकार में श्रम दिवस 1660 सृजित किए, एनडीए सरकार में 3210 किए गए। पूरे किए गए कामों को देखें तो यूपीए सरकार में 153 लाख और एनडीए सरकार में 862 लाख काम पूरे किए गए।'

### एआई एक्स. की....

और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि उसने जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX 398 की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग में सफलतापूर्वक मदद की, जिसे लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि डायवर्ट किया गया था। बयान में कहा गया कि विमान सुबह 9.07 बजे सफलतापूर्वक कोचीन एयरपोर्ट पर उतरा। लैंडिंग के बाद की गई जांच में पता चला कि फ्लाइट के दाएं तरफ के टायर फट गए थे। इसके बाद जल्द ही रनवे को क्लीयर कराकर उड़ान सेवाओं को सामान्य कर दिया गया।

### पीएफ में जोड़ने...

के लिए है। ईपीएफओ ने इस योजना का नाम कर्मचारी नामांकन योजना यानी एंप्लाइज एनरोलमेंट स्कीम (ईईएस)-2025 रखा है। यह एक बार मिलने वाली विशेष योजना है, जिसका मकसद ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को पीएफ की सुविधा देना और पहले हुई गलतियों को आसानी से ठीक करना है। इस योजना के तहत नवंबर 2025 से 6 महीने तक का समय दिया जाएगा। ईईएस-2025 योजना के तहत, अगर पहले कर्मचारियों के पीएफ का पैसा नहीं काटा गया था, तो इस योजना में कंपनी को केवल नियोक्ता वाला हिस्सा (एंप्लॉयर शेयर) जमा करना होगा। इसके साथ ही धारा 7क्यू के तहत ब्याज, लागू प्रशासनिक शुल्क और 100 रुपए का जुर्माना देना होगा, तभी इसे पूरी तरह सही माना जाएगा।

### याचिकाकर्ता से शीर्ष ....

विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा।

**कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं:** अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसंबर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है।

### बाकी 77 वार्डों ...

हो कि बीएमसी समेत 29 महानगरपालिकाओं के लिए वोटिंग 15 जनवरी 2026 को होगी और चुनाव के नतीजे अगले दिन 16 जनवरी को घोषित कर दिए जाएंगे। 29 महानगरपालिकाओं के लिए वोटिंग ईवीएम के जरिए करवाई जाएगी।

### राष्ट्रपिता गांधी में 'महात्मा' ....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राम सुतार के निधन पर प्रधानंत्री नरेंद्र ने भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वे एक शानदार मूर्तिकार थे, जिनकी महारत ने भारत को केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से सबसे मशहूर जगहें दीं। उनके कामों को हमेशा भारत के इतिहास, संस्कृति और सामूहिक भावना की दमदार अभिव्यक्ति के तौर पर सराहा जाएगा। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया है। उनके योगदान के लिए उन्हें 1999 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र भूषण सम्मान भी दिया गया, जिसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अस्पताल जाकर प्रदान किया था।

### गोंदुर गांव से ...

मेडल हासिल किया। वर्ष 1959 में उन्होंने दिल्ली में सूचना एवं दूरसंचार मंत्रालय से अपने जीवन के नए करियर की शुरुआत की लेकिन कुछ ही वर्ष बाद उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़कर पूर्ण रूप से मूर्तिकार की राह चुन ली। इसके बाद दिल्ली में अपना स्वतंत्र मूर्तिकला स्टूडियो स्थापित कर उन्होंने कई ऐतिहासिक प्रतिमाओं तथा कला कृतियों को भव्य आकार दिया।

## बिहार में भूमिहार ब्राह्मण पर छिड़ी बहस

**पटना।** बिहार में सवर्ण वर्ग में आने वाली भूमिहार जाति के नाम के आगे ब्राह्मण शब्द रखने की मांग पर सियासत गर्माई हुई है। भूमिहार संगठनों ने सरकारी दस्तावेजों में उनकी जाति को भूमिहार-ब्राह्मण लिखे जाने की मांग की है। राज्य सवर्ण आयोग में इस पर एकराय नहीं बन पा रही है। कुछ सदस्यों ने भूमिहार के आगे ब्राह्मण शब्द को जोड़े जाने पर आपत्ति जताई। अब आयोग ने गेंद नीतीश सरकार के पाले में डाल दी है। राज्य सरकार इस पर क्या फैसला लेगी, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।हालांकि, सवर्ण आयोग के चेयरमैन महाचंद्र प्रसाद सिंह का कहना है कि इस बात पर किसी तरह का विवाद नहीं हैं। 1931 का जो सरकारी रिकॉर्ड है उसी को आधार पर फैसला होगा। वहीं, आयोग के जो सदस्य इसका विरोध कर रहे हैं उनका कहना है कि कौन-सी जाति खुद को किस नाम से पुकारना चाहती है, यह उनका विशेषाधिकार होता है। इस तरह के विवादित मामलों को आयोग में नहीं लाना चाहिए।

## रांची में 307 करोड़ रुपए का एमएलएम घोटाला, ईडी का बड़ा ऐक्शन

**रांची।** झारखंड के रांची जोनल कार्यालय प्रवर्तन निदेशालय ने 307 करोड़ रुपए के मल्टी लेवल मार्केटिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मैक्सिजोन टच प्रा. लि. के निदेशक चंदर भूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी के अनुसार, रांची जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत यह गिरफ्तारी की है। आरोप है कि दोनों ने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ी एक बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया और अवैध तरीके से करोड़ों रुपए की कमाई की। ईडी की जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक फर्जी मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजना चलाई, जिसमें आम लोगों को हर महीने ऊंचे रिटर्न और आकर्षक रेफरल लाभ का लालच दिया गया।



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

## प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

### सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो कोई ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।



### कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



### सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

### अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लीन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खुद को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।



### अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते है। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।

बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

## क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमा:** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

### लगाते हैं क्रिसमस ट्री

नीदरलैंड में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने



हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां ये फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।

**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां




प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब :** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक :** ताजिमा शिंजी,
**हिंदी अनुवाद :** हरीश नारंग, **मूल्य :** 75 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

### बूझो तो जानें

1. आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2. पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते


3. चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

### जीके क्विज-184

1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

## क्रिसमस की खुशियां



शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



### सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रुई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



### एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



# हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है, हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरे करेंगे

**विधानसभा के** विशेष क्षेत्र में सीएम डॉ. यादव ने दिया समृद्ध मध्य प्रदेश विजन 2047 पर केंद्रित संबोधन

**विधायकों ने** ने जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर रखे अपने विचार



विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र के पहले राज्यपाल मंगुभाई पटेल का स्वागत करते सीएम डॉ. मोहन यादव।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र वर्ष 2028 का है। हमने जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। सरकार लाड़ली बहनों को 1500 दे रही है, आगे और भी बढ़ाएंगे। किसानों से 2600 रुपए क्विंटल पर गेहूं की खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस सदस्यों के एक-एक आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बगैर कमेटी व आयोग बनाएं 27 फीसदी आरक्षण लागू कर दिया। कोर्ट में मुझे लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को विधानसभा में देर रात मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में अपना जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह विशेष सत्र केवल औपचारिकता नहीं अपितु लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य के प्रति साझा उत्तरदायित्व के संकल्प का परिचायक है। यह सत्र मप्र को सुखद, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। विधानसभा की 70 साल की यात्रा हमारी लोकतांत्रिक यात्रा का प्रमाण है, यह सदन सत्ता का नहीं जनता के विश्वास का मंदिर रहा है।

### विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास और संस्कृति एक दूसरे के विरोधी नहीं, एक दूसरे के पूरक हैं। हम अपनी विरासत को नहीं भूल सकते। सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरूषों के नाम पर राजधानी भोपाल में 9 द्वार स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पीएम मित्र पार्क की सौगात से मालवा निमाड़ अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा कपास उत्पादकों को लाभ होगा।

## जनकल्याण के लिए जो कहा, वो किया : डॉ.यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनकल्याण के लिए जो बात कही गई, उस पर अमल भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में नागरिकों की समृद्धि के लिए दो वर्ष में किए गए विशेष कार्यों और अर्जित उपलब्धियों की बिंदुवार जानकारी बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में दिए गए संबोधन में सदन*

- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलजी की जन्म वर्षगांठ पर आगामी 25 दिसम्बर को उद्योग वर्ष के समापन अवसर पर 2 लाख करोड़ रुपए के निवेश से विभिन्न इकाईयों के भूमि पूजन का कार्य हो रहा है।
- मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के क्षेत्रों में संयुक्त चीता कॉरिडोर बनाने की पहल। गांधी सागर और नौरादेही में भी चीते बसाएंगे। शिवपुरी में 9वें टाइगर रिजर्व पार्क की शुरुआत।
- रीजनल औद्योगिक कॉन्क्लेव के साथ ही रेडिमेड और खिलौना निर्माण इकाईयों में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन राशि।
- आने वाले समय में सैटेलाइट के माध्यम से किसानों के खेतों और खसरा खतौनी की जानकारी प्राप्त कर घर बैठे खाद पहुंचाने का संकल्प।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य पदों पर लगभग 42 हजार नियुक्तियों की स्वीकृति।
- वर्ष 1956 में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे। गत डेढ़ वर्ष में 6 नए कॉलेज प्रारंभ, पीपीपी मोड पर 14 कॉलेजों के लिए निविदा की कार्यवाही। दिसम्बर 2025 में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन। प्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। सभी जिलों में कॉलेज होगा।
- प्रत्येक संभाग में वन्य प्राणी संग्रहालय और रेस्क्यू सेंटर प्रारंभ करने की पहल।
- राजधानी भोपाल में बड़ी झील में शिकारे से पर्यटकों और नागरिकों को कश्मीर का सुखद अहसास।
- इंदौर में मेट्रो प्रारंभ। भोपाल में मेट्रो ट्रेन संचालन शीघ्र।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्म वर्षगांठ 17 सितम्बर को धार जिले में पीएम मित्रपार्क की आधारशिला रखी।
- प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण की ठोस पहल कर पीढ़ियों को रोग से बचाने का प्रयास।
- भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व की मान्यता दी गई।
- राज्य में तेज ध्वनि यंत्रों पर नियंत्रण की पहल।

**वरिष्ठ विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा**

## पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना को सीएम ने मप्र के हर क्षेत्र तक पहुंचाया



वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है और जीवन की रक्षा किसी भी संवेदनशील, जवाबदेह और दूरदर्शी शासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2003 में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। आज मध्यप्रदेश 19 शासकीय और 14 निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ आत्मनिर्भर स्तंभ पर खड़ा है। चार जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों का निर्माण प्रगतिशील है, 9 जिलों में स्थापना की प्रक्रिया जारी है तथा 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। आगामी 2-3 वर्षों में मध्यप्रदेश में 52 मेडिकल कॉलेज होंगे। यह परिवर्तन संयोग नहीं, बल्कि उस स्पष्ट और दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का विजन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी का प्रशासनिक संकल्प एक दिशा में आगे बढ़ा।

## विधानसभा में नारीशक्ति...




विधानसभा में आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में मंत्री कृष्णा गौर और महिला विधायक शामिल हुई।

## प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयर: समग्र, दूरदर्शी जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही सरकार

मप्र विधानसभा के विकसित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित विशेष सत्र में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और जेरियाट्रिक केयर-तीनों स्तरों पर समग्र, दूरदर्शी और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है।




उन्होंने कहा कि बीमारी का इलाज करने से बेहतर है बीमारी को होने से रोकना। इसी उद्देश्य से प्रदेश में व्यापक स्तर पर प्रिवेंटिव केयर को सशक्त किया गया है। निरोगी काया अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 1.19 करोड़ नागरिकों की हाइपरटेंशन, 1.22 करोड़ की डायबिटीज तथा 1.29 करोड़ लोगों की फैटी लीवर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए 39.4 लाख लोगों की ओरल कैंसर, 19.3 लाख महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर तथा 8.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में मध्यप्रदेश 6 पैरामीटर में देश में शीर्ष पर है। शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में टीबी स्क्रीनिंग एवं उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब और वंचित वर्ग के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के लिए निः शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक लगभग 34 लाख हितग्राही उपचार का लाभ ले चुके हैं।

**प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य**

## कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है बच्चों को

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विज़न-2047 की ओर बढ़ते हुए देश के अनुरूप मध्यप्रदेश को भी विकास की गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मप्र के सपने को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कक्षा-5वीं तक मातृभाषा पर जोर दिया गया है और व्यावसायिक शिक्षा को छात्रों के व्यावहारिक कौशल के हिसाब से बनाया गया है। मंत्री सिंह ने बताया कि राज्य की स्थापना के समय साक्षरता दर 21.41 प्रतिशत हुआ करती थी, जो आज लगभग 75 प्रतिशत तक पहुंच गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि प्रदेश में 2003-04 में 4495 हाई स्कूल और 4211 हायर सेकेण्डरी स्कूल थे, जिनमें कक्षा-9 से 12 तक 18 लाख 79 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत थे। 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 22.56 लाख हो चुकी है। दो दशकों में 4670 माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल में तथा 1991 हाई स्कूलों को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया गया है। प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर शून्य हो गई है। समग्र आईडी के माध्यम से 90 प्रतिशत बच्चों की ट्रेकिंग पूर्ण की जा चुकी है।



**अटलजी के विचारों पर कार्य कर रही सरकार**

## मध्यप्रदेश सरकार पंचायत राज व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पित

पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने विधानसभा सत्र में कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। अटल जी के ग्रामीण विकास के विचारों में गांव, गरीब और किसान केंद्र में थे, उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बुनियादी ढांचागत पहल, पंचायत सशक्तिकरण और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो, रोजगार बढ़े और शहरों की ओर पलायन रुके। उन्होंने विकास के लिए एक समग्र, समुदाय-केंद्रित और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया था। मप्र में इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि हमारा मंत्र है- 'गांव चले, देश चले'। जब गांव सशक्त होगा, तभी देश सशक्त होगा। यह गांव के सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास के बीच सीधा संबंध स्थापित करता है। इसी विचार के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की प्रेरणा से हमने पंचायत राज व्यवस्था तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद को वरीयता दी है।



**सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी**

## मप्र के विकास में आलोचनाओं को नहीं, सुझाव को दें प्राथमिकता

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र में कहा कि हमें विकसित मप्र <\@>2047 को ध्यान में रखकर आलोचनाओं से हटकर प्रगति के सुझाव को प्राथमिकता देनी होगी। इसमें सदन के प्रत्येक सदस्य का सुझाव महत्वपूर्ण है। मंत्री विजयवर्गीय ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राम वन पथ गमन और श्रीकृष्ण पाथेय का विकास किया जा रहा है। मप्र ने आर्थिक विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक गौरव के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि 1956 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 261 रुपए थी, जो आज बढ़कर एक लाख 50 हजार रुपए से अधिक हो चुकी है। राज्य का बजट 1956 में 493 करोड़ रुपए का था, जो आज बढ़कर 4.21 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। साक्षरता दर भी काफी बढ़ी है।



## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन...



विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा की सामने प्रदर्शन करते सिंघार, मसूद व विधायक।

## मंत्री बागरी ने किया स्पष्ट: मोहन सरकार में कानून सबके लिए बराबर, कार्रवाई होगी

भाई-बहनोई की गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी को लेकर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में न तो उन्हें पूर्व जानकारी थी और न ही वे किसी तरह का हस्तक्षेप कर रही हैं। बागरी ने मीडिया से कहा कि जो भी व्यक्ति गलत काम करेगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कानून सबके लिए समान है।

### पूर्व राष्ट्रपति को मंदिर में घुसने नहीं दिया

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने क्रीमी लेयर का मामला उठाया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पुष्कर मंदिर में नहीं घुसने दिया गया। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने आपत्ति करते हुए कहा कि गलत जानकारी है। पूर्व राष्ट्रपति का नाम सदन में आने पर इसे हटाया जाना चाहिए। मंत्री राकेश सिंह ने कहा, कम से कम आज के दिन इस तरह की चर्चा नहीं होना चाहिए।



### पुराने शहर में फ्लाई ओवर बनाने चाहिए

भोपाल उत्तर सीट से कांग्रेस विधायक आतिफ अकील विधानसभा में भोपाल के पुराने शहर का डेवलपमेंट प्लान बनाकर उसकी तस्वीर फ्रेमिंग कराकर लेकर पहुंचे। आतिफ अकील ने कहा कि सरकार को पुराने शहर में डबल डेकर ट्रैफिक प्लान के तहत फ्लाईओवर बनाने चाहिए। इससे पुराने शहर की जनता को सुविधा होगी व ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।



### तब के बुलडोजर मंत्री आज के बुलडोजर में अंतर

विधानसभा में मप्र को आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प पर आयोजित एक दिनी विशेष सत्र में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री बुलडोजर पर बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व मंत्री बाबूलाल गौर साहब का जिक्र किया। तब मैंने कहा कि जब के बुलडोजर मंत्री और आज के बुलडोजर में अंतर है। गौर साहब ने विकास के लिए बस्तियां हटाईं तो उन्हें विस्थापित भी किया।



### एएसआई को आया हार्ट अटैक, मौत

**जगदलपुर।** में रक्षित केंद्र जगदलपुर में एएसआई के रूप में पदस्थ ताकेश्वर शर्मा का अचानक मेकाज में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया, उनके निधन की खबर लगते ही पुलिस विभाग से लेकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वे जहां कुछ वर्ष कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के यहां सुरक्षाकर्मी के रूप में पदस्थ थे, वही वर्तमान में जगदलपुर विधायक किरण देव के सेवा दे रहे थे, वही अचानक से बुधवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण महारानी ले जाया गया, जहाँ दुबारा हार्ट अटैक आने की सूचना मिली, जिसके बाद अचानक से स्वास्थ्य बिगड़ गया और उनका निधन हो गया। जगदलपुर में अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के अलावा परिवार के लोग मौजूद थे।



जवानों ने की जंगल और पहाड़ी इलाके की घेराबंदी

## मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर, जारी है फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

ऑपरेशन में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान शामिल हैं, जिन्होंने जंगल और पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर रखी है। इलाके में रुक-रुक कर फायरिंग की आवाजें आ रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की सूचना है, जिनमें एक महिला माओवादी भी शामिल बताई जा रही है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि मारे गए माओवादी किस्टाराम एरिया से जुड़े तीन एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) हो सकते हैं, हालांकि इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मुठभेड़ में कई अन्य माओवादी घायल हो सकते हैं, लेकिन उनकी संख्या स्पष्ट नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने की है कि इलाके में मुठभेड़ चल रही है और सर्च ऑपरेशन जारी है।



### मुठभेड़ में मारे जाने वालों के नाम

फिलहाल सुरक्षा बल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में किस्ताराम एरिया कमेटी के तीन माओवादी कैडर मारे गए। मरने वालों में मडावी जोगा उर्फ मुन्ना उर्फ जगत- एसीएम, किस्ताराम एरिया कमेटी, सोढ़ी बंदी- एसीएम, किस्ताराम एरिया कमेटी, नुप्पो बजनी- एसीएम (महिला), किस्ताराम एरिया कमेटी शामिल हैं।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाडियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. 04696/04695 अमृतसर - बांद्रा टर्मिनस - अमृतसर आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04696 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04695 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:20 | अमृतसर | 20:30 | ---- |
| 11:00 | ---- | बांद्रा टर्मिनस | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन:** **04696 अमृतसर** से दिनांक 23.12.2025 एवं 27.12.2025 को और **04695 बांद्रा टर्मिनस** से दिनांक 24.12.2025 एवं 28.12.2025 को।
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर शहर, लुधियाना जं., अंबाला छावनी, पानीपत जं., दिल्ली सफदरजंग, मथुरा जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सूरत, वलसाड़, वापी एवं बोरीवली स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलगाड़ी सं. 04002/04001 नई दिल्ली - मुंबई सेंट्रल - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04002 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04001 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | ---- |
| 21:00 | ---- | मुंबई सेंट्रल | ---- | 23:30 |

**चलने के दिन:** **04002 नई दिल्ली** से दिनांक 20, 23, 26 एवं 29.12.2025 को और **04001 मुंबई सेंट्रल** से दिनांक 21, 24, 27 एवं 30.12.2025 को।
**ठहराव:** मथुरा, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं शयनयान श्रेणी।

रेलगाड़ी सं. 04078/04077 नई दिल्ली - कामाख्या जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04078 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04077 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ---- |
| 10:30 | ---- | कामाख्या जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन:** **04078 नई दिल्ली** से दिनांक 20, 25 एवं 30.12.2025 को और **04077 कामाख्या जं.** से दिनांक 22, 27.12.2025 एवं 01.01.2026 को।
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोच बिहार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड एवं रंगिया जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलगाड़ी सं. 05905/05906 डिब्रुगढ़ - लखनऊ जं. - डिब्रुगढ़ विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 05905 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05906 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | डिब्रुगढ़ | 05:30 | ---- |
| 16:30 | ---- | लखनऊ जं. | ---- | 23:30 |

**चलने के दिन:** **05905 डिब्रुगढ़** से दिनांक 19.12.2025 को और **05906 लखनऊ जं.** से दिनांक 23.12.2025 को।
**ठहराव:** न्यू तिनसुकिया, शिमलगुड़ी जं., मरियानी जं., फरकाटिंग जं., डिमापुर, लामडिंग जं., होजाई, चापरमुख जं., जगी रोड, गुवाहाटी, कामाख्या जं., रंगिया जं., बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगाँव जं., फकिराग्राम जं., न्यू कोचबिहार, अलीपुरद्वार जं., न्यू माल जं., सिलीगुड़ी जं., न्यु जलपाईगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड जं., किशनगंज, बारसोई जं., कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., छपरा, सीवान जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., स्टेशन। **स्थान:** शयनयान श्रेणी।

रेलगाड़ी सं. 06043/06044 कोयम्बत्तूर जं. - हरिद्वार जं. - कोयम्बत्तूर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 06043 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 06044 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:15 | कोयम्बत्तूर जं. | 04:00 | ---- |
| 17:00 | 17:10 | हजरत निजामुद्दीन | 03:15 | 03:25 |
| 00:05 | ---- | हरिद्वार जं. | ---- | 22:30 |

**चलने के दिन:** **06043 कोयम्बत्तूर जं.** से दिनांक 24.12.2025 को एवं **06044 हरिद्वार जं.** से दिनांक 30.12.2025 को।
**ठहराव:** पालक्काड जं., षोरणूर जं., कोषिक्कोड, कण्णूर, मंगलूरु जं., उडुपि, कुन्दापूरा, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कारवार, मडगांव जं., थिविम, रत्नागिरी, चिपलूण, रोहा, पनवेल, वसई रोड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन, गाज़ियाबाद एवं रूड़की स्टेशन।
**स्थान:** वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं शयनयान श्रेणी।

रेलगाड़ी सं. 09497/09498 साबरमती बीजी- शकूर बस्ती - साबरमती बीजी सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (विशेष किराये पर) — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 09497 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09498 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:55 | साबरमती बीजी | 12:20 | ---- |
| 15:15 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 21:00 |

**चलने के दिन:** **09497 साबरमती बीजी** से दिनांक 22.12.2025 एवं 24.12.2025 को और **09498 शकूर बस्ती** से दिनांक 23.12.2025 एवं 25.12.2025 को।
**ठहराव:** महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर जं., जयपुर जं., अलवर जं., रेवाड़ी जं., गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।
**स्थान:** वाता. 3 टियर।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# हादसों के घायलों को तुरंत मिले इलाज, तो बच सकती हैं जान

देशभर में हर साल सड़क हादसों में लाखों लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा है। तमाम सुधार के प्रयास और सख्त कानून के बावजूद हादसों पर लगाम लगती नहीं दिख रही। सड़क हादसे आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गए हैं। तथ्य यह भी है कि हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बचाई जा सकती है। आईआईएम के एक अध्ययन के अनुसार अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद सही स्वास्थ्य ढांचा, समय पर मदद और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे 55 दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। अकेले 2023 की बात करें तो देश में 4,88,583 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 लोगों की मौत हुई हैं। राज्यसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकारा है कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने माना किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान को बचाया जा सके। गडकरी ने बताया कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को हमने 'राहवीर' की संज्ञा दी है। अब अगर कोई घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये का इनाम मिलेगा। इसलिए लोगों को अब किसी की मदद करने से पहले दो बार सोचना नहीं होगा। तथ्य यह भी है कि बुनियादी ढांचे की कमियां, वाहन चालकों की लापरवाही और नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल ओवर-स्पीडिंग से 68.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं और 68.1 प्रतिशत मौतें होती हैं। चालक अक्सर साइन बोर्ड पर लिखी गति सीमा को नजरअंदाज करते हैं और सुरक्षा नियमों के प्रति असंवेदनशील रहते हैं। इसके अलावा, कौशल की कमी और हेलमेट न पहनने से भी 54,568 लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने से 16,025 मौतें हुईं और 33,827 दुर्घटनाओं में बिना लाइसेंस चालक शामिल थे। हादसों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। देखने में आता है कि एक लेन वाले हाईवे पर आमने-सामने की टक्कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। इस पर तुरंत दखल देने की जरूरत है। जो एक लेन वाले हाईवे ज्यादा खतरनाक हैं, उन्हें बीच में मजबूत डिवाइडर लगाकर बहु-लेन सड़कों में बदलना होगा। गति सीमा तय करनी होगी और इसका सख्ती से पालन करना होगा। सड़क हादसे एक जानलेवा समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। हमें सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलाना, सड़कों का सुधार करना, वाहनों का रखरखाव करना और यातायात नियमों का पालन करना होगा। तभी हम सड़क हादसों को रोक सकते हैं और अपने परिवारों को सुरक्षित रख सकते हैं।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# ब्रिटिश साम्राज्य के विनाश के लिए गले लगाई शहादत !

आज स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लखनऊ के पास काकोरी में अंजाम दिए गए ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन के तीन क्रांतिकारी नायकों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां और रोशन सिंह का साझा शहादत दिवस है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी शहादतों की स्मृतियों को ताजा करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन। उनके इस कार्य को अपने साम्राज्य के लिए सीधी चुनौती मानकर देश के तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने 1927 में 19 दिसम्बर को यानी आज के ही दिन बिस्मिल को उत्तर प्रदेश की गोरखपुर, अशफाक को फैजाबाद (अब अयोध्या) और रोशन सिंह को मलाका (तत्कालीन इलाहाबाद, अब प्रयागराज) की जेलों में फांसी पर लटकाकर शहीद कर डाला था। सुविदित है कि हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े इन क्रान्तिकारियों ने अपने कुछ और साथियों के साथ नौ अगस्त, 1925 को आठ डाउन सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में ले जाया जा रहा सरकारी खजाना काकोरी स्टेशन के पास लूट लिया था। उनका मानना था कि गोरी सरकार ने यह खजाना देशवासियों के चौतरफा शोषण और खुल्लमखुल्ला लूट से इकट्ठा किया है और इसे देश की मुक्ति के प्रयत्नों में खर्च करना ही उसका सबसे सार्थक उपयोग है। शहादत के वक्त, जैसी कि परम्परा है, गोरखपुर जेल में अफसरों द्वारा बिस्मिल से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई तो उनका दो टूक जवाब था : 'आई विश द डाउनफॉल आफ ब्रिटिश एम्पायर' यानी मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश देखना चाहता हूं। शहादत से कुछ ही दिनों पहले उन्होंने उम्मीद भरी पंक्तियां लिखी थीं : मरते बिस्मिल, रोशन, लहरी, अशफाक अत्याचार से / होंगे पैदा सैकड़ों उनके रुधिर की धार से। इसी कड़ी में फैजाबाद (अब अयोध्या) की जेल में अशफाक उल्लाह खां ने (बिस्मिल से जिनकी वैचारिक एकता व दोस्ती को हिंदू मुस्लिम सद्भाव की अद्भुत मिसाल बताया जाता है) कहा था कि उनकी अंतिम इच्छा यह है कि जब उन्हें फांसी पर लटकाया जाए तो उनके वकील फांसी घर के सामने खड़े होकर देखें कि वे कितनी खुशी और हसरत से उसके फंदे पर झूल रहे हैं। बिस्मिल और अशफाक में एक और समान बात यह थी कि दोनों शायर थे और ग़ज़लें कहते थे। बिस्मिल ने तो अनेक किताबें भी लिखी थीं। इनमें ग्यारह उन्होंने खुद छपवाईं और उनकी बिक्री से एकत्र धन से क्रांति कर्म के लिए हथियार खरीदे थे। गोरी सरकार को यह बात नागवार गुजरी तो उसने ये सारी किताबें जब्त कर ली थीं। उनकी आत्मकथा, जिसे वे अपनी शहादत से कुछ दिन पहले तक लिखते रहे थे, बाद में प्रकाशित हुई थी। अशफाक की बात करें तो वे बिस्मिल की गिरफ्तारी के बाद भी अरसे तक गोरी पुलिस के शिकंजे से बचे रहे थे और कभी नेपाल, कभी कानपुर तो कभी बनारस भागते फिर रहे थे। बनारस से छिपते-छिपाते वे झारखंड स्थित मेदिनीनगर (तब डाल्टनगंज) पहुंचे तो वहां दस महीने रहे थे।



दरअसल, हुआ यह कि काकोरी ट्रेन एक्शन के डेढ़ महीने बाद 26 सितम्बर, 1925 की रात गोरी पुलिस समूचे उत्तर भारत में संदिग्धों के घरों व ठिकानों पर अभियान के तौर पर छापे मारती व धर-पकड़ करती अशफाक के शाहजहांपुर स्थित घर पहुंची तो उन्होंने खुद को घर से थोड़ी दूर स्थित एक गन्ने के खेत में छिपाकर उसकी निगाहों से बचा लिया। हालांकि इससे पहले उनके दोस्त रामप्रसाद बिस्मिल मुखबिरों व गद्दारों के चलते पुलिस के हत्थे चढ़ चुके थे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा चुका था। इसके बाद यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई थी कि अशफाक घर पर ही बने रहे तो बहुत दिनों तक खैर नहीं मना सकेंगे। आखिर वे अपने जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर पर रहने लगे, जहां उसके विश्वासघात के शिकार हो गये। इस दोस्त ने उनकी गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम के लालच में धोखे से उन्हें पकड़वा दिया, जिसके बाद काकोरी एक्शन में शामिल होने को लेकर उन पर पूरक मुकदमा चलाया गया और फांसी की सजा सुना दी गई। उधर, मलाका जेल में शहीद किए गए रोशन सिंह को जिन्दादिली के बगैर जिन्दगी ही बेकार लगती थी। उन्होंने कहा था : जिन्दगी जिंदादिली को मान ऐ रोशन/ वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

विवेक शुक्ला

# राहुल की जिद पर शाह के तर्क भारी

> बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा।

बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद, राहुल गांधी के पास यह सुनहरा अवसर था कि वह अपनी छवि सुधारते हुए अपने गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल बिठाते। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधारने का यह समय था। चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है।

इस कारण से कांग्रेस के अंदर बहुत से नेता राहुल गांधी से खफा रहने लगे हैं। पर वे बेबस हैं। जब कांग्रेस की अपनी स्थिति इतनी खराब हो, तो यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने कांग्रेस के संस्थापक जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा। अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि आज़ादी के बाद, जब प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए मतदान हुआ था, तो सरदार पटेल के पक्ष में 28 वोट आए थे, जबकि नेहरू को केवल 2 वोट मिले थे, फिर भी नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। शाह ने इसे स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का पहला अपमान बताया।

यह कांग्रेस के लिए एक शर्मनाक स्थिति थी और इस पर पार्टी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई। राहुल गांधी की रणनीति के बजाय, अब कांग्रेस का पूरा ध्यान यह आरोप लगाने पर केंद्रित हो गया है कि उनकी पार्टी के खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी हो रही है। उनके पास तथ्यों और तर्कों का स्पष्ट अभाव है। यह उस पार्टी का दुर्भाग्य है, जिसका नेतृत्व यह मानने को तैयार नहीं कि उनकी पिछली गलतियों से कुछ सीखा जाए। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली अब उस मुकाम पर पहुँच चुकी है, जहां चुनावी हार को ही अनुचित करार देना और सच्चाई को नकारना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। राहुल गांधी ने लगातार प्रधानमंत्री मोदी पर 'वोट चोर' का आरोप लगाया, जो कि एक अप्रत्याशित और अनुशासनहीन आरोप था। जब अमित शाह ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में गड़बड़ी का हवाला दिया, तो कांग्रेस के सांसद चुप हो गए। अमित शाह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध था, और इसे छिपाने के लिए संसद में एक कानून लाया गया था, जिससे प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हो सकता। इस बीच, अमित शाह ने सोनिया गांधी के वोटर बनने के मामले को उठाया, जहां उन्होंने सवाल किया कि कैसे एक विदेशी नागरिक के



रूप में सोनिया गांधी मतदाता सूची में शामिल हो गईं। इससे कांग्रेस की साख और भी गिर गई, और पार्टी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकी। कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर अटकी हुई है। राहुल गांधी का यह प्रयास है कि किसी तरह उनकी पार्टी की हार को छुपाया जा सके। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों को मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन जब तक इस पर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते, यह आरोप बेबुनियाद नजर आते हैं। बीजेपी ने इस मुद्दे को पूरी तरह से उठा लिया है और कोई भी बाहरी नागरिक इस पर शिकायत नहीं कर रहा।

राहुल गांधी के पास इस सवाल का भी जवाब नहीं है कि बाहरी नागरिक भारत के मतदाता कैसे बने। इसी बीच, ममता बनर्जी की सरकार और अखिलेश यादव भी एसआईआर पर सहयोग कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे जारी रखने के पक्ष में फैसला लिया है। अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। मोदी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश की जनसांख्यिकीय संरचना में किसी प्रकार की हेरफेर की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमित शाह की यह स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प दिखाता है कि वह किसी भी बाहरी या अवैध गतिविधि को सहन नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी अपनी जिद और राजनीति में विफलताओं से बाहर निकलने के बजाय, एसआईआर जैसे मुद्दों को हवा देकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।


बहरहाल, कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वोट चोरी के आरोप का चुनावी परिणाम पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। इस आरोप का कांग्रेस के लिए चुनावी लाभ प्राप्त करने में सफलता न मिलने के कारण, सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह आरोप सही तरीके से जनता तक पहुंचने में सक्षम हो पाया है या फिर यह आरोप सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के ताने-बाने का हिस्सा बनकर रह गया है। वोट चोरी के आरोपों के बावजूद, मोदी सरकार के समर्थक इसे कांग्रेस की निराशा और चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। वे इसे विपक्ष के एक निरर्थक प्रयास के रूप में देखते हैं, जो भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर नहीं कर सकता। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, उनकी सरकार की योजनाओं और भाजपा के चुनावी अभियान की मजबूती ने कांग्रेस के आरोपों को प्रभावी रूप से बेअसर कर दिया है। मोदी और उनकी पार्टी ने इन आरोपों को नकारा करते हुए इसे विपक्ष की राजनीति का एक तरीका बताया है। इसके अलावा, भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता पर जनता का भरोसा भी कांग्रेस के आरोपों को कमजोर करता है।

इस प्रकार, कांग्रेस के आरोपों का असर उस स्तर पर नहीं हुआ है जैसा उम्मीद की जा रही थी। लोग मोदी के खिलाफ आरोपों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे, क्योंकि वे उन्हें कांग्रेस की चुनावी रणनीति और खुद को हताशा की अभिव्यक्ति मानते हैं। आगे चलकर, इस मुद्दे का कितना असर होगा, यह तो चुनावों के परिणामों से ही स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल यह आरोप कोई खास प्रभाव डालता हुआ नजर नहीं आ रहा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित

**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल




संकलित

**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## ओपनबिल स्टॉर्क



असम के मोरीगांव जिले में गुरुवार को एक एशियाई ओपनबिल स्टॉर्क खिले हुए वाटर लिली फूलों के से भरे झील के बीच शिकार के लिए जा रहा है।

## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटना का कारण

बीते दिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरा कुछ लोगों की जान का दुश्मन बन गया। यहां लगभग सात बसें और तीन कारें गहरे कोहरे के कारण आपस में टकरा गईं। हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे उपाय खोजने होंगे कि धुंध दुर्घटनाओं का कारण न बने। - *मुकेश देवांगन, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### नरेंद्र मोदी का सम्मान



ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाना उनकी कुशल राजनीतिज्ञता और वैश्विक नेता के रूप में उनकी स्वीकृति का एक भव्य प्रमाण है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मनरेगा को लागू किया



नरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया था, वह तो नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तो चुनाव और वोट के कारण बापू याद आए, महात्मा गांधी याद आए और तब उस पर महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। मनरेगा को भी ताकत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ढंग से लागू किया।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### 'आखिरी सलाम'



हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से मध्यप्रदेश ने 11 दिसंबर, को नक्सलवादियों के 'लाल सलाम' को 'आखिरी सलाम' कर दिया है। अब भविष्य में ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ने नहीं देंगे।
- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश


### भयानक प्रदूषण



10 साल तक दिल्ली में हमारी सरकार रही, कभी इतना भयानक प्रदूषण नहीं देखा, फिर भी हमने कड़े कदम उठाए। आज हाल ये है कि बीजेपी सरकार ऑफिशियल एक्यूआई तक मैनेज करने में लगी है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# बीजिंग में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 215 पर



चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो "बेहद अस्वास्थ्यकारी" स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है। बीजिंग में प्रदूषित वायु गुणवत्ता के साथ धुंध इन दिनों कम ही देखने को मिलती है, जबकि पहले यहां भारी प्रदूषण देखा जाता था। सरकार ने 2016 में कई कदम उठाए थे, जिनमें भारी प्रदूषण का कारण बनने वाले उद्योगों को बंद करना और उन्हें स्थानांतरित करना शामिल था। इसके लिए अरबों डॉलर खर्च किए गए। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के दौरान शहर में कोयले से चलने वाली सार्वजनिक हीटिंग व्यवस्था की जगह प्राकृतिक गैस या बिजली से चलने वाली हीटिंग व्यवस्था अपनाई गई, जिसके लिए एक अरब डॉलर से अधिक धनराशि खर्च की गई।

## ऑफ बीट

# जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर



आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# परमाणु ऊर्जा के विस्तार का रास्ता साफ, राज्यसभा से शांति विधेयक पारित

परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा के मार्फत देश को आश्वस्त किया कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी कंपनियों की आमद से किसी भी तरह की असुरक्षा पैदा नहीं होने दी जाएगी। जिम्मेदारी के साथ निजी कंपनियों को काम का आवंटन होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शांति विधेयक 2025 राज्यसभा से पारित होते हुए देश को परमाणु ऊर्जा में खुद को ताकतवर बनाने का रास्ता साफ हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजाद के शताब्दी वर्ष, 2047 तक परमाणु ऊर्जा को 100 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा के मार्फत देश को आश्वस्त किया कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी कंपनियों की आमद से किसी भी तरह की असुरक्षा पैदा नहीं होने दी जाएगी। जिम्मेदारी के साथ निजी कंपनियों को काम का आवंटन होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है। देश का विकास जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न दलों के सांसदों द्वारा उठाये सवालों का बारी बारी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में कार्बन फुट प्रिंट कम करने, पेरिस समझौते से बंधे और देश को ऊर्जा सरप्लस के साथ ऊर्जा निर्यातक देश बनाने के लक्ष्य के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में कुल 214 अरब डॉलर की पूंजी की आवश्यकता होगी। जिसको पूरा करने के लिए पीपीपी मॉडल पर परियोजनाओं को जमीन पर उतारने का विधेयक में प्रावधान किया गया है। निजी कंपनियां रक्षा क्षेत्र में आगे आने से आज रेडिएशन रिएक्टर्स से आजतक भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ। एटॉमिक इनर्जी कमीशन है। विकास की गाड़ी को साथ चलाने निजी कंपनियां कोई भी आएं लेकिन जब डेवलपमेंट इंजन के ड्राइवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं तो किसी तरह की शक शुबहा की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। निजी कंपनियां एक्सपोलिरंग का काम करेंगी माइनिंग नहीं। ऐसी शंका का कोई जगह विधेयक में नहीं है। उन्होंने कहा, इस तरह से कई तरह के सेफगार्ड विधेयक में हैं।

- 2047 तक परमाणु ऊर्जा को 100 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य

परमाणु विधेयक में सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा

निजी कंपनियां एक्सपोलिरंग काम काम करेंगी माइनिंग नहीं



राज्यसभा में चर्चा करते केंद्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

### देश ने एंडरसन और क्वात्रोकी को भागते देखा

तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष के विधेयक पर सवाल उठाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा बतौर वरिष्ठ पत्रकार आपने तब देश को बताया था कि भोपाल में हुए यूनियन कर्बाइड की बड़ी घटना के बाद एंडरसन को देश से कैसे और किसने भगाया था। क्वात्रोकी को देश से कैसे भगाया। ये भी देश ने देखा है। इस विधेयक में ऐसा कुछ नहीं जिसके एवज में विपक्ष ये आरोप लगाये कि मोदी सरकार कुछ पसंदीदा पूंजीपतियों के लिए कुछ कर रही है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा विपक्ष को हवा में आरोप नहीं लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को मोदी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने से पहले ये अनुभव करना चाहिए कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्र में निजी कंपनियों के आगे आने से देश ऊर्जा के क्षेत्र में कितना स्वावलंबी हुआ है। गांव गांव कैसे रौशन हुआ है। उच्चसदन में समूचे विपक्षी सांसदों ने विधेयक पर और विचार करने के लिए संसदीय स्थायी समिति को भेजे जाने की मांग की थी। जब कि केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक साल से सभी ज्यादा समय तक विभिन्न स्टेकहोल्डर्स, विशेषज्ञों, अंतरमंत्रालीय समिति जैसे मंचों पर विधेयक को अलग अलग कसौटियों पर पहले ही कसा जा चुका है।

## नियमित योग से काफी हद तक कैंसर पीड़ितों को बचाया: डॉ. सिंह

देश में तेजी से पांव पसार रहे कैंसर ने केंद्र सरकार को सचेत किया है। हर जिले में कैंसर के शुरूआती जांच और इलाज की व्यवस्था हो, इस रीतिनीति पर काम किया जा रहा है। परमाणु विभाग में ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा के माध्यम से देश को जानकारी देते हुए माना कि अमेरिका और चीन के बाद भारत में हर साल 20 लाख की दर से कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बदलती जीवन शैली, बदलते खानपान से कैंसर जैसी बीमारी ने समाज के बीच तेजी से पांव पसारा है। पहले हार्ट अटैक एक उम्र के बाद सुनने में आता था अब युवावस्था में हार्ट फेल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रयास है कि असाध्य रोगों के लिए अब हर जिले के अस्पताल में उचित व्यवस्था हो ताकि बीमारी का रोकथाम जिले स्तर पर शुरू हो सके। रोगियों को स्थानीय स्तर पर राहत मिले।

*मोदी सरकार की हर जिला अस्पताल में कैंसर वार्ड बनाने की तैयारी*

डॉ. जितेंद्र सिंह ने उच्चसदन में कहा कि कैंसर का इलाज पहले मुश्किल था अब समय पर कैंसर का पता लगने पर बहुत सारे रोगी ठीक भी हो रहे हैं। इसमें योग को ऐसे रोगों से बचने का बेहतर साधन उन्होंने बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षित योग गुरु के सानिध्य में संबंधित रोगों से लड़ने के लिए लगातार योग करने वाले 15 फीसदी तक रोगियों को बचाया जा सका है। उन्होंने बताया कि मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर के रोगियों के लिए बेहतर काम कर रहा है। 60 फीसदी रोगियों को जहां मुफ्त इलाज दिया जा रहा है वहीं निजी वार्ड में भर्ती 40 फीसदी रोगियों से मामूली फीस लेकर विश्वस्तर इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

प. बंगाल की सीएम ने वीबी-जी राम जी विधेयक पर जतायी नाराजगी

## सीएम ममता ने 'कर्मश्री' योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने की घोषणा

हम राष्ट्रपिता को भूलते जा रहे हैं, यह दुखद है

केंद्र गांधी को सम्मान नहीं देगा तो बंगाल देगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बड़ा राजनीतिक और वैचारिक बयान देते हुए राज्य सरकार की रोजगार योजना 'कर्मश्री' का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर शर्म महसूस होती है कि राष्ट्रीय स्तर पर महात्मा गांधी के नाम को कल्याणकारी योजनाओं से हटाया जा रहा है। ममता बनर्जी का इशारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम में किए गए कथित बदलावों की ओर था, जिसे लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'कर्मश्री' योजना के तहत राज्य में 75 से 100 दिनों तक रोजगार दिया जाता है और अब यह योजना महात्मा गांधी के नाम से जानी जाएगी। ममता बनर्जी ने भावुक अंदाज़ में कहा, मैं वास्तव में शर्मिंदा हूं। राष्ट्रपिता का नाम योजनाओं से हटाया जा रहा है। मैं किसी और को दोष नहीं देती, क्योंकि मैं इसी देश की नागरिक हूं। हम राष्ट्रपिता को भूलते जा रहे हैं, यह दुखद है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि अगर केंद्र महात्मा गांधी को सम्मान नहीं देगा तो बंगाल देगा। ममता ने कहा, अगर आप महात्मा गांधी का सम्मान नहीं करेंगे, तो हम करेंगे। अपने भाषण में ममता बनर्जी ने महात्मा गांधी के साथ-साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, डॉ. भीमराव आंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, सरदार पटेल और लाल-बाल-पाल का भी उल्लेख किया।

उन्होंने बंगाल की समावेशी संस्कृति की बात करते हुए कहा कि राज्य हर समुदाय और हर विचारधारा का सम्मान करता है। देखा जाये तो यह बयान ऐसे समय आया है जब मनरेगा के नाम और पहचान को लेकर देशभर में राजनीतिक बहस चल रही है और तृणमूल कांग्रेस इसे केंद्र सरकार की इतिहास और प्रतीकों को बदलने की राजनीति बता रही है।

### खबर संक्षेप

#### कैंची धाम के पास सड़क हादसा, 3 की मौत



**नैनीताल।** पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में 3 सैलानियों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए।

#### बस में लगी आग, 40 छात्रों का किया रेस्क्यू



**देहरादून।** राजधानी के सेंट जूड चौक के पास गुरुवार को तमिलनाडु से ऑल इंडिया टूर पर आए 40 छात्र उस वक्त खतरे के साये में आ गए, जब उनकी चलती बस से अचानक धुआं उठने लगा। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक कर्मियों ने सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला।

#### ट्रेलर की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत




**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में एक ट्रेलर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने पहले आदित्यपुर थाना क्षेत्र में टाटा-कंद्रा रोड पर एक स्कूटर को पीछे से टक्कर मारी, जिससे उसपर सवार की मौत हो गई।

### राजधानी में उखड़ती सांसें: धुंध की चादर से ढका दिल्ली-एनसीआर

# एक्यूआई 400 के पार, 22 उड़ानें रद्द, एएआई की एडवाइजरी जारी... यात्री ऐहतियात बरतें

भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। यात्रियों से अनुरोध किया है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे के साथ हुई। आसमान में धुंध की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली धुंध की मोटी परत छाई रही। वायु गुणवत्ता अत्यंत खराब होने के कारण सुबह के समय कम दृश्यता की समस्या पैदा हुई और हवाई यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, अब तक 22 उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली है, जिनमें 11 प्रस्थान और 11 आगमन शामिल हैं। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) ने गुरुवार को उत्तर भारत में घने धुंध की स्थिति को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एएआई ने यात्रियों को कम दृश्यता और कई हवाई अड्डों पर उड़ानों में संभावित देरी के लिए सावधान किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मौसम चेतावनी में एएआई ने कहा, लगातार धुंध उत्तर भारत के कई हवाई अड्डों को प्रभावित कर रही है। इससे दृश्यता कम हो रही है और उड़ानों में संभावित देरी हो सकती है। प्राधिकरण ने यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति संबंधित एयरलाइन से जांचने और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी। एएआई ने आगे कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि हवाई अड्डा जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अपनी एयरलाइन से जांच लें। हवाई अड्डे की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट देखें। अपनी यात्रा योजना पहले से बनाएं और अतिरिक्त समय रखें।

## यात्रियों को उड़ान की स्थिति और अतिरिक्त यात्रा समय लेने की सलाह दी

*वेबसाइट या सोशल मीडिया पर अपडेट देखें*

पीयूसी बनवाने में दो से तीन घंटे तक का समय लगा



दिल्ली एयरपोर्ट पर धुंध में खड़ा विमान

### अक्षरधाम में एक्यूआई 416

सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) के अनुसार, इलाके के आस-पास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 415 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। सीएक्यूएम (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप स्टेज-IV के तहत सभी एक्शन लागू है। अक्षरधाम इलाके में एक्यूआई 416 रिकॉर्ड किया गया है, जिसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 416, विवेक विहार में एक्यूआई 412, आईटीओ में एक्यूआई 397, आरके पुरम इलाके में एक्यूआई 374 है, जिसे बहुत खराब कैटेगरी में रखा गया है। द्वारका में 361, चांदनी चौक क्षेत्र में एक्यूआई 387, सुबह इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 344 दर्ज किया गया है, जिसे बेहद खराब श्रेणी में रखा गया है।

### उड़ान की स्थिति जांचते रहें यात्री

इंडिगो एयरलाइन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी उड़ान की स्थिति नियमित रूप से वेबसाइट या एप के माध्यम से जांचते रहें। एयरलाइन ने कहा कि कृपया सुनिश्चित रहें कि हमारी टीम हर कदम पर आपकी सहायता के लिए मौजूद है और पूरा सहयोग प्रदान करेगी। हम साफ आसमान और नियमित उड़ानों की जल्द बहाली की उम्मीद करते हैं।



दिल्ली में पीयूसी केंद्र पर लाइन

### बिना वैध पीयूसी के ईंधन देने पर रोक

दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए गुरुवार से पेट्रोल पंपों पर बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के ईंधन देने पर रोक लगा दी है। साथ ही दिल्ली में अब केवल बीएस 6 मानक वाले बाहरी वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई है। इस फैसले के बाद पीयूसी जांच केंद्रों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

### तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं

बढ़ती भीड़ के बीच तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं। कई पीयूसी केंद्रों पर सर्वर डाउन होने से जांच प्रक्रिया कुछ घंटों तक ठप रही। ऐसे में वाहन मालिकों को काफी परेशानी हुई। कुछ जगहों पर पीयूसी बनवाने में दो से तीन घंटे तक का समय लग गया। इस दौरान वाहन मालिकों और पीयूसी संचालकों के बीच तकरार की स्थिति हुई।

### पंजाब में ईडी का बड़ा एक्शन

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 3500 करोड़ की 160 संपत्तियां जब्त



लुधियाना में कार्रवाई करती ईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में पीएसीएल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को पीएसीएल और अन्य के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में स्थित 3436.56 करोड़ रुपए की 169 अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि लाखों निवेशकों से जुटाए गए फंड का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी मौजूदा कीमत 3436.56 करोड़ रुपए है। प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली जोनल ऑफिस ने इन संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत जब्त किया है।

#### पीएमसीएल ग्रुप ने की धोखाधड़ी

बता दें, यह मामला पीएसीएल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाई गई धोखाधड़ी वाली पोंजी स्कीम और सामूहिक निवेश योजनाओं से संबंधित है। इन योजनाओं के जरिए पीएसीएल और उसकी सहयोगी कंपनियों ने धोखे से भोले-भाले निवेशकों से लगभग 48,000 करोड़ रुपए जुटाए और उसका गबन कर लिया। ईडी ने इस मामले में अब तक 5,602 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिसमें देश बार में स्थित पर्ल ग्रुप की घरेलू संपत्तियां और विदेशी संपत्तियां दोनों शामिल हैं। इसके अलावा, इस मामले में अब तक एक अभियोजन शिकायत और दो पूरक अभियोजन शिकायतें दायर की जा चुकी हैं।

#### 'डंकी रूट' मामले में ईडी की फिर से छापेमारी

ईडी ने भारतीयों को 'डंकी रूट' के जरिए अवैध रूप से अमेरिका भेजने के मामले में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में गुरुवार को फिर से तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने यह कार्रवाई मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत की है। उन संस्थाओं और व्यक्तियों पर छापेमारी की गई है जिन पर इस गिरोह में दूसरे और तीसरे स्तर पर शामिल होने का संदेह है। पंजाब के जालंधर स्थित एक ट्रैवल कंपनी के परिसर और दिल्ली और पानीपत (हरियाणा) में रहने वाले कुछ व्यक्तियों के ठिकानों को भी इसमें शामिल किया गया है। एजेंटों द्वारा अपनाई गई कथित कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए ईडी ने कहा था कि उन्होंने भोले-भाले लोगों को कानूनी रूप से अमेरिका भेजने के बहाने लुभाकर उन्हें ठगा और इसके लिए मोटी रकम वसूली।

आज विधानसभा में होगी चर्चा

## कांग्रेस का सैनी सरकार के खिलाफ 'अविश्वास' प्रस्ताव नोटिस मंजूर

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सीएम नायब सैनी सदन में केसरिया रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे। सदन के पहले दिन ही कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर हरविंदर कल्याण ने मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सदन की दूसरी सिटिंग में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इससे पहले सदन की शुरुआत में मंत्री अनिल विज ने नेता प्रतिपक्ष बनने पर भूपेन्द्र हुड्डा को बधाई देते हुए कहा- हवाएं लाख मुखालिफ हो दिया वही जलेगा जो जिद्द पर अड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा।

### शीतकालीन सत्र में तीन बैठकें होंगी



सीएम नायब सिंह सैनी

इससे पहले विधान सभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुल 3 बैठकें होंगी। सीएम ने कहा कि मानसून सत्र के बाद दूसरा सत्र 6 माह के बाद होना अनिवार्य है। 26 फरवरी को 6 माह होने हैं उसके बावजूद सरकार ने शीतकालीन सत्र बुलाया है।

### नवंबर तक 2.6 लाख छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

सदन पटल पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने विधानसभा में नूंह से विधायक चौ. आफताब अहमद के प्रश्न के उत्तर में बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक अनुसूचित जाति के करीब 2.63 लाख छात्रों को नवंबर 2025 तक छात्रवृत्ति दी जा चुकी है, जबकि लगभग 12 हजार छात्रों को अभी भुगतान होना बाकी है।

### निकाय चुनाव के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे का बड़ा ऐलान

# मुंबई में बनेगा भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों की तारीखों के ऐलान के बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे और मुंबई के कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड से सटी खाली जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 700 से 750 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत पर्यावरण अनुकूल खेल परिसर होगा। यहां अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ-साथ खो-खो और कबड्डी जैसे भारतीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस सेंट्रल पार्क को भूमिगत मार्ग के जरिए सीधे कोस्टल रोड से जोड़ा जाएगा। इससे पर्यटकों और नागरिकों को आसानी होगी और यह खास तौर पर शहर आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण साबित होगा। इसे उन्होंने मुंबईवासियों के लिए अब तक का सबसे बड़ा उपहार बताया।

**परियोजना लागत करीब 750 करोड़ रुपए**

सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत खेल परिसर होगा



ठाणे में बनने वाले टावर कन्वेंशन सेंटर की 'मंगल कलश' डिजाइन

#### 50 एकड़ में बनेगा कन्वेंशन सेंटर

शिंदे ने बताया कि ठाणे के कासरवडवली खाड़ी के किनारे 50 एकड़ जमीन पर एक भव्य टावर कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। यह 260 मीटर ऊंचा होगा, जो इसे देश का सबसे ऊंचा टावर बनाएगा। इसका निर्माण पेरिस के 300 मीटर ऊंचे एफिल टावर की तर्ज पर किया जाएगा। इसकी परिकल्पना प्रसिद्ध वास्तुकार हाफ़िज कॉन्ट्रैक्टर ने की है और यह 'मंगल कलश' की अवधारणा से प्रेरित है।

#### 25 एकड़ में बनेगा टाउन पार्क

इसके अलावा, ठाणे के कोलशेत में टाउन पार्क बनेगा। 25 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में एक्वेरियम, विज्ञान केंद्र, कृषि कोली संग्रहालय और खेल परिसर होगा। कोलशेत में ही 12.5 एकड़ में पक्षी संग्रहालय के लिए 10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शिंदे ने बताया कि 50 एकड़ में एक विशाल स्पोर्ट्स एरीना और 25 एकड़ में संगीत प्रेमियों के लिए म्यूजिक कंसर्ट क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है।

## बीसीजीएक्स और फिक्की की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# एमएसएमई में एआई से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 6.4 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से ही 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए देश को ''पहले अपनाओ'' की मानसिकता से हटकर ''पहले आविष्कार करो'' की सोच अपनानी होगी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

'इंडिया ट्रिपल एआई इम्पेरेटिवः सक्सीडिंग विद एआई इन इंडिया' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजीएक्स) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में से एक है लेकिन गहन नवाचार एवं वास्तविक मूल्य प्राप्ति के मामले में अब भी बड़ी खामियां मौजूद हैं।

**भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई एआई अपनाने से सृजित होगी 500 अरब डॉलर**

**क्षमता को साकार करने पहले अपनाओ की मानसिकता से हटना होगा**

**एमएसएमई को पहले आविष्कार करो की मानसिकता अपना होगा**

### 25 फीसदी अधिकारी ही एआई से वास्तविक मूल्य पा रहे

*इसमें कहा गया कि कंपनियों की ओर से एक आम गलती यह है कि वे एआई को केवल सूक्ष्म समस्याओं के समाधान तक सीमित रखते हैं, बजाय इसके कि वे कार्यात्मक रूपांतरण की ओर बढ़ें। फिलहाल केवल 25 प्रतिशत अधिकारी ही एआई से ''वास्तविक मूल्य'' प्राप्त कर पा रहे हैं।*

### एआई में अवसर बड़े पैमाने में नहीं

*अध्ययन में केवल छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी को लागू करने के बजाय ''एआई-प्रथम'' व्यवसायों के निर्माण की दिशा में बदलाव का आग्रह किया गया है। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, भारत के लिए एआई में अवसर केवल बड़े पैमाने में नहीं बल्कि समावेश में निहित है।*




### एआई के लिए तैयारियों में भारत चौथे स्थान पर

यह भी सामने आया कि डिजिटल अवसंरचना की कमी, जागरूकता का अभाव और कुशल प्रतिभाओं तक सीमित पहुंच जैसी बाधाएं इस क्षेत्र में अब भी बनी हुई हैं। इसमें कहा गया कि एआई के लिए तैयारियों के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष चार में आता है, लेकिन वैश्विक एआई पेटेंट में उसका योगदान फिलहाल एक प्रतिशत से भी कम है।

***परिचालन मॉडल में बदलाव का अनुमान :*** *बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ भागीदार निपुण कालरा ने कहा, '' वास्तविक मूल्य एआई-प्रथम व्यवसायों के निर्माण, गहन नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने से ही आएगा।*

### गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित हो सकता है

*एमएसएमई, स्टार्टअप और क्षेत्रीय परिवेश में एआई अपनाने को समर्थन देकर देश उत्पादकता बढ़ा सकता है, गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित कर सकता है और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दे सकता है। रिपोर्ट में रुचि और निवेश के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि करीब 44 प्रतिशत अधिकारी अब भी अपने प्रौद्योगिकी बजट का 10 प्रतिशत से कम एआई में निवेश करते हैं।*

### भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में अप्रयुक्त अवसर

*बीसीजीएक्स, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की प्रौद्योगिकी निर्माण, डिजाइन एवं नवाचार इकाई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में कई अप्रयुक्त अवसर मौजूद हैं। इस क्षेत्र में एआई अपनाने से उत्पादकता में वृद्धि, लागत में कमी और ऋण तक बेहतर पहुंच के माध्यम से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है।''*

# चांदी 1,800 रुपये चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- चांदी उछलकर 2 .07 लाख रुपए प्रति किलो
- सोना 1,36,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

चांदी बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,17,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है। सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''सोना बृहस्पतिवार को लगभग 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब बना रहा।

***बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर :*** *इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25 प्रतिशत घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

### चांदी सालाना आधार पर 130 प्रतिशत चढ़ी

मौजूदा वर्ष में, चांदी की कीमतें दो जनवरी, 2025 को दर्ज किए गए 29.56 डॉलर प्रति औंस से 37.32 डॉलर यानी 126.3 प्रतिशत बढ़ी हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''इस साल चांदी सालाना आधार पर लगभग 130 प्रतिशत चढ़ी है। उसे कम होते भंडार और मजबूत खुदरा और औद्योगिक मांग, खासकर तेजी से बढ़ते सौर, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर सेक्टर से भी समर्थन मिला है।''

## एआई युग के लिए तैयार होंगे छात्र, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी की दूरदर्शी पहल

**गुरुग्राम।** बदलते समय और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में एक दूरदर्शी पहल की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि भविष्य के कौशलों से भी सशक्त बनाना है, ताकि वे तेजी से बदलते जॉब मार्केट में खुद को बेहतर ढंग से स्थापित कर सकें। इस पहल के तहत विश्वविद्यालय ने एआई के प्रभावी, जिम्मेदार और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष एआई कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षता डॉ. श्रवण कुमार, डीन, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स कर रहे हैं। कमेटी में डॉ. रुपेंद्र प्रताप सिंह हाड़ा (SOET) और डॉ. मीनू (SOET) सदस्य हैं, जबकि श्री सिद्धार्थ सुधाकर, श्री अनूप, श्री विवेकानंद विवेक और श्री मदन रामचंद्र को बाह्य विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय ने नॉन-टेक्निकल पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एआई फ्लुएंसी कोर्स शुरू किया है, जिससे छात्र एआई की बुनियादी समझ और उसके व्यावहारिक उपयोग से परिचित हो सकें। इस मौके पर प्रो-चांसलर श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि एआई शिक्षा का अहम हिस्सा बन चुका है और यह पहल छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करेगी। डायरेक्टर एवं प्रमोटर श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि एआई फ्लुएंसी कोर्स छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप सक्षम बनाएगा।

### लैपटॉप आयात मंजूरी के लिए 22 से आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर के आयात को नियंत्रित करने के लिए नयी आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू कर दी है। डीजीएफटी ने एक परिपत्र में कहा कि आयातक 22 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए अनुमति ले सकेंगे। इस दौरान जारी की गई किसी भी अनुमति की वैधता 31 दिसंबर, 2026 तक रहेगी। डीजीएफटी ने स्पष्ट किया है कि एक आयातक वर्ष में कई आवेदन जमा कर सकता है। यदि अनुमति के दौरान किसी संशोधन की जरूरत हो तो इसे भी पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट किया जा सकेगा।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चौथे दिन बाजार में गिरावट सेंसेक्स 78 अंक फिसला

- अमेरिकी व्यापार समझौते में अनिश्चितता को लेकर नरम रुख

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में नरम रुख से सेंसेक्स 78 अंक के मामूली नुकसान में रहा जबकि निफ्टी स्थिर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,780.19 अंक के ऊपरी और 84,238.43 अंक के निचले स्तर तक भी गया। निफ्टी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /''वैश्विक संकेतों और रुपये से जुड़ी चिंताओं का निवेशक धारणा पर असर बना रहा। इसकी वजह से कारोबारियों ने सतर्कता बरती। विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों बाद बने खरीदार शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद खरीदार बने।

### आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपए में आई तेजी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त का कारण निचले मूल्य पर खरीदारी और केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में आई मजबूती थी। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बनी अनिश्चितता ने बाजार धारणा को कमजोर किया और मुनाफावसूली देखने को मिली।

# एआई से दफ्तरों में काम करने वालों की नौकरियों पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- एआई अब विश्लेषणों से जुड़े कार्यों को चुनौती दे रहा
- सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने एआई इंडिया सम्मेलन में कहा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से कार्योंलयों में काम करने वालों की नौकरियों को सबसे अधिक खतरा है। उद्योग मंडल फिक्की के 'एआई इंडिया' सम्मेलन में कृष्णन ने कहा कि चूंकि एआई अब सीधे तौर पर सोच-विचार कर किए जाने वाले और विश्लेषण से जुड़े कार्यों को चुनौती दे रहा है, इसलिए कार्योलयों में काम करने वाली कर्मचारियों की नौकरी पर सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है। यह मुख्य रूप से कौशल विकास, उन्नत कौशल विकास और प्रतिभा विकास के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा कार्य है जो हम सभी के लिए समान है। यह केवल सरकार का काम नहीं है, यह केवल किसी उद्योग का काम नहीं है। इस प्रक्रिया में कई हितधारक शामिल होंगे।'

### विश्लेषण से जुड़े काम पर ज्यादा असर पड़ेगा

सचिव ने कहा, 'पिछली औद्योगिक क्रांतियों को देखें तो... उन्होंने जिस तरह के बदलाव लाए, उनमें से अधिकतर बदलाव शारीरिक, लोगों द्वारा किए जाने वाले काम को स्वचालित करने से संबंधित थे। पहली बार, एआई वास्तव में सोच-समझ कर किए जाने वाले काम की जगह ले रहा है। इसलिए, जो लोग सोच-विचार से जुड़े या विश्लेषण से जुड़े काम करते हैं उन्हीं की नौकरी पर एआई की वजह से सबसे अधिक खतरा है।'

**उत्पादकता बढ़ाने एआई की क्षमता पर जोरः** कृष्णन ने विस्थापन के खतरे के बावजूद विशेष रूप से भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादकता बढ़ाने में एआई की महत्वपूर्ण क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि कौशल विकास के माध्यम से नए रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की क्षमता, वर्तमान में नौकरियों को हो रहे नुकसान कहीं अधिक है। **नए क्षेत्रों में नए अवसर बनेंगे** :सचिव ने कहा, कई कंपनियों के लिए तात्कालिक प्रलोभन यह हो सकता है कि वे शुरुआती सफलताओं पर ध्यान दें और भविष्य में आने वाली दीर्घकालिक समस्याओं को भूल जाएं लेकिन सरकार के रूप में हम इस मामले के दोनों पहलुओं को लेकर चिंतित हैं।

### रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद

**नई दिल्ली।** रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के बावजूद घरेलू मुद्रा को बढ़त में रहा। कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, डॉलर सूचकांक में सुधार और घरेलू बाजारों की कमजोरी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.35 पर खुला।

**PUBLIC NOTICE**
**INTENTION TO PURCHASE GOODWILL**

Notice is hereby given that Abhishek Sharda Sole Proprietor of Abhishek Sharda and Co., a practising Chartered Account firm Located at C-77, Pushpanjali, Delhi-110092, intends to purchase the goodwill of the deceased CA Member N. D. Sharda, (Proprietor N. D. Sharda & Co., membership No. was 016411, Firm No-0002004N]. This take over of the firm is in accordance with ICAI regulations and subject to documentation as prescribed. Anyone having any objection to this intended purchase of goodwill is requested to send their objection directly to relevant DCO, "ICAI Bhawan, 52, 53, 54, Institutional Area, Vishwas Nagar, Shahdara, Near Karkardooma Courts, Delhi- 110032, India", within 14 to 21 days from the date of this advertisement.

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में पहले सब–सेक्टर के मौजूदा 105 sq. mm. G-जम्पर को 160 sq. mm. G-जम्पर से बदलना, साथ ही 105 sq. mm. आइसोलेटर जम्पर को 160 sq. mm. आइसोलेटर जम्पर से बदलना और एल्युमिनियम बस बार को कॉपर बस बार से बदलना और इससे जूडे काम। |
| अनुमानित लागत | Rs.9,19,24,865.21/- |
| बयाना राशि | Rs.4,59,600/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 29.12.2025 (10.30बजे) से 12.01.2026 (15.00बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 12.01.2026 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-36) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 36.क.वि., – नई दिल्ली–2025–26
दिनांक : 17.12.2025 3911/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

# ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह बृहस्पतिवार को जारी किया। वित्तमंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 'एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' के सिद्धांत पर, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह ग्रामीण समुदायों की सेवा करने वाली इन संस्थाओं की पहचान और दृश्यता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आरआरबी प्रतीक चिन्ह के रंगों का चयन आरआरबी के उद्देश्यों को दर्शाने के लिए किया गया है। गहरा नीला रंग वित्त और विश्वास का प्रतीक है जबकि हरा रंग जीवन एवं विकास का प्रतीक है जो ग्रामीण भारत की सेवा करने के उनके मिशन को प्रतिबिंबित करता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में सनसिटी से गोरखनाथ कॉलोनी तक राजस्व रास्ता पर आईपीबी टाइल का निर्माण। | 17.12.2025 24.12.2025 | रु.1,87,19,590/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41296/I/88/7 दि. 18.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | प्रावधान व फिक्सिंग :- (I) फ्लड बबलर सहित मातू राम रोड के साथ-साथ एल शेप के लिए सिंचाई प्रणाली हैं। (II) एमडीयू, रोहतक में प्रशासनिक खण्ड क्षेत्र के लिए स्वचालित सिंचाई प्रणाली। | 17.12.2025 05.01.2026 | रु. 12.39 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/41294/I/88/7 दि. 18.12.25

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश उर्फ सन्नी, पुत्रः** राज कुमार, **पताः** मकान नं. बी–1/11, गली नं. – 9, अगर नगर, प्रेम नगर–III, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 10014/2023 U/s 379/411/34 IPC, थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ सन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 10014/2023 U/s 379/411/34 IPC, थानाः शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16949/ON/2025
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6082




**बाएँसेदाए±**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -6081 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |



# पिच पर सांप, तो कभी धुंध और एक बार मधुमक्खियों ने रुकवाए क्रिकेट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच लखनऊ में आयोजित होना था, लेकिन घने कोहरे के कारण यह मैच शुरू ही नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इस मैच में टॉस तक नहीं हुआ। बुधवार को निर्धारित टॉस समय शाम 6:30 बजे था, लेकिन धुंध को देखते हुए अंपायरों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन घंटे तक मैच रोके जाने के बाद अंततः इसे रद्द कर दिया गया।



## क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई अजीबो-गरीब कारण हैं जिनकी वजह से मैच रोकना पड़ा

### मैच रद्द कराना होता है चुनौतीपूर्ण

क्रिकेट में ऐसे अजीबो-गरीब कारणों से मैच रोकना या रद्द करना न केवल खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि यह दर्शकों के लिए भी अनपेक्षित परिस्थितियाँ पैदा करता है। लखनऊ का चौथा टी20 मैच भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से रद्द हुआ और क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा का विषय बन गया।

### मधुमक्खियों की वजह से रुका मैच

2017 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच वनडे मैच के दौरान ग्राउंड पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया। सुरक्षा कारणों से मैच को एक घंटे से अधिक समय तक रोकना पड़ा।



### ग्राउंड पर सांप और कुत्ता

श्रीलंका में कई बार क्रिकेट मैच के दौरान ग्राउंड पर सांप देखने के कारण मैच रोके गए। इसके अलावा ग्राउंड पर कुत्ते, मोर, कबूतर और अन्य पक्षियों व जानवरों के प्रवेश के कारण भी कई मैचों को कुछ देर के लिए रोका गया।



### सूरज की तेज रोशनी

यह घटना 2019 की है, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच में सूरज की अधिक रौशनी सीधे बल्लेबाजों की आंखों पर पड़ रही थी। नेपियर के मैक्लीन पार्क में खेले गए इस मैच में बल्लेबाजों की सुरक्षा को देखते हुए मैच लगभग आधे घंटे के लिए रोका गया।

### स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की उपस्थिति

जनवरी 2017 में न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड के बीच खेले गए मैच में नेथन लायन द्वारा टोस्ट जलाने के कारण स्टेडियम में फायर अलार्म बज गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को स्टेडियम पहुंचना पड़ा। 2007 में भी एक काउंटी चैम्पियनशिप मैच में रसोई में ग्रेवी जलने के कारण उठे धुएं ने फायर अलार्म बजा दिया था और स्टेडियम खाली कराया गया था।

### पिच पर कार का प्रवेश

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान एक व्यक्ति पिच पर कार लेकर आ गया। खिलाड़ियों और अंपायरों के रोकने के बावजूद वह पिच पर कार चलाने की कोशिश कर रहा था। इस मैच में टीम इंडिया के वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। यह मैच पालम के मैदान में खेला गया था।

### पिच पर गेंद धंसने से मैच रद्द

महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेन्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान रोलर के नीचे गेंद आने के कारण पिच पर गड्ढा हो गया। इस वजह से मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा।

---

## खबर संक्षेप



### एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की। बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवादुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉर्डन कॉक्स ने 46 और शयान जहांगीर ने 34 रन बनाए। राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता श्रृंखला में इंडिया सीनियर्स को हराया



**मुंबई।** जीएस शिव शंकर के 43 गेंद में 67 रन बेकार गए चूंकि भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता टी20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मैच में भारत सीनियर्स को 28 रन से हरा दिया। श्रृंखला के दोनों मैच हार चुकी भारत ए ने तीसरे मैच में आठ विकेट पर 164 रन बनाये जिसके जवाब में भारत सीनियर्स टीम 19.3 ओवर में 136 रन पर आउट हो गई। नोंसोला आदिल ने 40 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जी प्रशांत और मोहम्मद सादिक ने दो दो विकेट चटकाये। श्रृंखला में प्लेयर आफ द मैच को 11000 रूपये और प्लेयर आफ द सीरिज रहे भारत सीनियर्स के वसीम इकबाल को 21000 रूपये मिले।

### सम्राट आईएसएसएफ के शीर्ष पांच में शामिल



**नई दिल्ली।** पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था।

---

### अहमदाबाद की पिच पर 7 बजे से शुरू होगा असली संग्राम !

# भारत सीरीज जीतने और साउथ अफ्रीका ड्रा कराने के इरादे से आज दिखाएंगे दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इस सीरीज का आखिरी यानी आज होने वाला पांचवां मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी मैच से यह तय होगा कि ट्रॉफी किसके नाम जाएगी। भारत आज शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज कर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा वहीं दक्षिण अफ्रीका कैसे भी करके यह सीरीज 2-2 से ड्रा कराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का आखिरी मैच होने और दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। क्रिकेट प्रशंसक इस निर्णायक मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत दौरे का शानदार समापन साबित हो सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के चार मुकाबले अब तक पूरे हो चुके हैं। हालांकि चौथा मैच खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में भारत 2-1 से आगे है। अब टीम इंडिया के पास आखिरी मैच जीतकर एक और टी20 सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है।



### शुभमन की जगह ले सकते हैं सैमसन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के आखिरी मैच से भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल अपने पैर के अंगूठे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। संजू सैमसन, जो भारत के पसंदीदा ओपनर थे, आखिरी मैच में गिल की जगह ले सकते हैं। बता दें कि सैमसन पहले तीन टी-20 मैचों में बेंच पर बैठे थे। गिल इस समय बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका की नजर बराबरी पर

हालांकि साउथ अफ्रीकी टीम फिलहाल सीरीज में पीछे चल रही है और वह अब सीरीज नहीं जीत सकती, लेकिन उसके पास आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करने का मौका जरूर है। ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिहाज से काफी अहम हो गया है। साउथ अफ्रीका की कोशिश होगी कि वह मजबूत प्रदर्शन कर सीरीज ड्रॉ कराए।

### दोनों टीमों के बीच रहा है कांटे का टक्कर

दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में 34 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं और इस बीच भारत ने 20 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। भारतीय जमीन पर दोनों टीमें 15 बार आमने-सामने हैं। भारतीय टीम ने 7 मैच जीते हैं, जबकि प्रोटियाज टीम ने भी 7 मैच जीते (बेनतीजा- 1) हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है।

### इन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने पिछले 10 मुकाबलों में 33.11 की औसत और 169.31 की स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से पिछले 9 टी-20 मुकाबलों में 53.2 की औसत से 266 रन निकले हैं। ब्रेविस ने से पिछले 9 मैच में 153.09 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। मार्करम ने पिछले 6 मैच में 174 रन बनाए हैं। वरुण ने पिछले 8 मैच में 14 और अर्शदीप ने 6 मैच में 9 विकेट लिए हैं।

---

**फुटबॉल**

## पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



एजेंसी ▶▶| दोहा

मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाईं जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था।

ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

### ईगल्स ने डब्ल्यूटीएल में काइट्स को हराया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई। बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया। पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की।

---

**भारतीय निशानेबाजी लीग**

## नई फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस निशानेबाजी लीग में शामिल




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।''एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे।

### कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी

इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।

### केतन ने 10 मी एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गूलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गूलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी।फाइनल में भाकर 137 . 2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही।

---

### भारतीय कुश्ती महासंघ का नया फरमान

## पहलवानों के लिए नेशनल कैंप में भागीदारी अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नयी चयन नीति लागू की है जिसके तहत राष्ट्रीय चयन के लिये राष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी अनिवार्य है हालांकि व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा। डब्ल्यूएफआई की आम परिषद की हाल ही में अहमदाबाद में हुई बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। इसे फीडबैक और समीक्षा लिये भारतीय खेल प्राधिकरण को भी दिया गया है। नीति में कहा गया, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी सभी पहलवानों के लिये अनिवार्य होगी जिसमे एलीट और दिग्गज पहलवान शामिल हैं। शिविर में भाग लेने के लिये राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक जीतना जरूरी है। इसमे कहा गया, एक बार चुने जाने पर पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास करना होगा। किसी को दूसरे किसी स्थान पर व्यक्तिगत अभ्यास की अनुमति नहीं होगी। इसके मायने हैं कि हाल ही में संन्यास से वापसी का फैसला लेने वाली विनेश फोगाट को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिये घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नीति में स्पष्ट है कि शिविर में भाग नहीं लेने पर पहलवान चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे।

---

# अब वर्ल्ड कप फुटबॉल विजेता को मिलेंगे पांच करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार



राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी।

### महिला विश्व कप 2027 में किसको कितना मिलेगा

अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

---

### एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रहा तीसरा टेस्ट

# इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई, 8 विकेट पर 213 रन

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

एशेज सीरीज 2025-26 के तीसरे एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 371 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर 213 रन बना लिए। दूसरे दिन के स्टम्प्स तक क्रीज में कप्तान बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) बने हुए हैं। आइए दूसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

### स्टार्क ने लगाया अर्धशतक

कल के स्कोर 326/8 से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिचेल स्टार्क ने अपना अर्धशतक पूरा किया। कल के दिन 33 रन बनाकर नाबाद रहने वाले स्टार्क 54 रन की

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रन




पारी खेलकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिर में नाथन लियोन (9) आउट होने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बने। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 91.2 ओवर बल्लेबाजी की और दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान मेजबान टीम सिमट गई।

### आर्चर ने की उम्दा गेंदबाजी

आर्चर ने 20.2 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 2.60 की रही। इस खिलाड़ी ने जेक वेदराल्ड (18), मार्नस लाबुशेन (19), कैमरून ग्रीन (0), स्टार्क (54) और लियोन (9) को अपना शिकार बनाया। यह एशेज सीरीज में आर्चर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा। आर्चर के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पारी में ब्रायडन क्रॉस और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जोश टंग ने 1 सफलता हासिल की।

### रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने पेट कमिंस

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कंगारू टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने रूट को टेस्ट में कुल 12वीं बार आउट किया है और वह उन्हें सर्वाधिक बार आउट करने वाले विरोधी गेंदबाज बन गए हैं।

कमिंस ने तोड़ा बुमराह और स्टार्क का रिकॉर्ड

कमिंस ने जसप्रीत बुमराह और मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। इन गेंदबाजों ने रूट को टेस्ट क्रिकेट में 11-11 बार आउट किया है। जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज को 10 बार आउट किया था। कमिंस चोटिल होने के कारण सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैच नहीं खेले थे।




# ऑपरेशन सिंदूर से ध्वस्त हुआ था पाकिस्तान का एयरबेस अब तिरपाल से ढककर छिपाने का किया जा रहा है प्रयास


## मुरीद एयरबेस में अंदर ही अंदर चल रहा है मरम्मत का काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के मुरीद एयरबेस पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के हमले के सात महीने बाद वहां बड़े पैमाने पर मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम शुरू हो गया है। गूगल मैप से मिली नई हाई-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों में एक अहम कमांड और कंट्रोल बिल्डिंग पूरी तरह तिरपाल से ढंकी दिखाई दे रही है, जिसे मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया गया था। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि मुरीद एयरबेस की वह इमारत, जो पाकिस्तान के ड्रोन संचालन परिसर के पास है अब पूरी तरह बड़े तिरपाल से ढंकी हुई है। भारतीय वायुसेना के हमले में इस इमारत की छत का कुछ हिस्सा गिर गया था। माना जाता है कि स्ट्राइक से इमारत को भारी नुकसान हुआ था और अंदरूनी हिस्सों में भी तबाही हुई थी। हमले के बाद जून महीने की तस्वीरों में इमारत के सिर्फ एक हिस्से पर हरा तिरपाल दिखाई दिया था। उस समय नुकसान का आकलन किया जा रहा था।

### ड्रोन संचालन परिसर के पास की इमारत को हुआ था भारी नुकसान

### पाक एयरबेस की छत को भेदा था भारतीय हथियारों ने



## पाकिस्तान का सबसे महत्वपूर्ण है मुरीद एयरबेस

*पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में स्थित पीएएफ बेस मुरीद पाकिस्तान वायुसेना का अहम केंद्र है। यहां से ड्रोन और मानवरहित लड़ाकू विमान (यूसीएवी) संचालित होते हैं। इनमें शाहपर, बुर्राक, तुर्किये के बायरकतर टीबी 2/अकिनजी और चीनी विंग लूंग-2 जैसे ड्रोन शामिल हैं। 10 मई की सुबह, जब पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से सीजफायर की बात की, उससे कुछ घंटे पहले भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस पर हमले तेज कर दिए थे। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से 26 से अधिक जगहों पर ड्रोन घुसपैठ के जवाब में की थी।*

### अन्य पाक एयरबेस पर भी मरम्मत

मई में आईएएफ हमलों के बाद पाकिस्तान के कई एयरबेस पर मरम्मत का काम चल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान एयरफोर्स के सरगोधा के मुशाफ एयरबेस और रहीम यार खान के रनवे भी क्षतिग्रस्त हुए थे, जिन्हें अब ठीक कर लिया गया है।जैकबाबाद, भोलारी और सुक्कुर में हैंगर तबाह हुए थे। भारतीय वायुसेना का मानना है कि जैकबाबाद में एफ-16 लड़ाकू विमान नष्ट हुए, जबकि भोलारी में एक अवेक्स विमान हैंगर के साथ तबाह हुआ। सुक्कुर में ड्रोन हैंगर को पूरी तरह गिरा दिया गया था। इस्लामाबाद के पास नूर खान एयरबेस पर भी नए ढांचे बनते दिख रहे हैं।


### सैटेलाइट की तस्वीर से बचने के लिए मलबे को सेना ने ढका

अब पूरी इमारत को बड़े तिरपाल और निर्माण जाल से ढंक दिया गया है, जिससे साफ है कि अब मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम शुरू हो चुका है। सेनाएं अक्सर ऐसे भारी तिरपालों का इस्तेमाल सैटेलाइट निगरानी से नुकसान छिपाने, मलबा हटाने या संवेदनशील मरम्मत कार्य को ढंकने के लिए करती हैं। भारतीय वायुसेना ने यह कभी नहीं बताया कि मुरीद एयरबेस पर कौन सा हथियार इस्तेमाल किया गया। हालांकि, हमले के बाद की तस्वीरों को देखने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि छत को भेदने वाले विशेष मिसाइल हथियार (पैनेट्रेटर वारहेड) का इस्तेमाल हो सकता है। ऐसे हथियार तेज रफ्तार से छत को तोड़ते हैं, अंदर घुसने के बाद देर से विस्फोट करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलित्जर विजेता पत्रकार पीटर का निधन

**नई दिल्ली।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने दशकों तक गोलियों और बमों के बीच काम करते हुए दुनिया को वियतनाम के धान के खेतों से लेकर इराक के रेगिस्तानों तक युद्धों की प्रत्यक्ष रिपोर्टिंग की। गोलियों और बमों से बचते हुए दशकों तक काम करने वाले पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार पीटर अर्नेट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एसोसिएटेड प्रेस के लिए वियतनाम युद्ध की रिपोर्टिंग पर 1966 में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग का पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले थे। बुधवार को न्यूपोर्ट बीच में निधन हुआ।

### नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** पुलिस ने श्रीनगर में कुख्यात नशा तस्कर की एक



करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस स्टेशन पारिमपोरा के तहत पुलिस पोस्ट कमरवारी ने सुहेल अहमद मीर निवासी बरथना, कमरवारी से जुड़े एक दो मंजिला और एक-एक मंजिला रिहायशी घर को कुर्क करने के नोटिस जारी किए। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य लगभग एक करोड़ आंका गया है। जांच के दौरान आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों की संपत्तियों की विस्तृत जांच की गई। आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी कर रहा है।
और विशेष जांच अभियान में पकड़ा गया था।

### ओमान के प्रवासी भारतीयों को पीएम का संदेश, आवश्यकता के वक्त सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी रहती है

# ओमान के सर्वोच्च सम्मान 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित हुए पीएम मोदी





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया गया है। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने भारत और ओमान संबंधों को लेकर दिए गए असाधारण योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री को अपने देश के इस शीर्ष सम्मान से नवाजा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी ने इस सम्मान को दोनों देशों की सदियों पुरानी मित्रता को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने इसे दोनों देशों के 1.4 बिलियन लोगों के बीच स्नेह और प्रेम का प्रतीक भी बताया है। ओमान के पूर्व सुल्तान काबूस बिन सईद द्वारा 1970 में स्थापित यह सम्मान दुनिया के चुनिंदा वैश्विक नेताओं को सार्वजनिक जीवन और द्विपक्षीय संबंधों में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। मंत्रालय ने ये भी कहा कि इस वर्ष भारत और ओमान के राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है। इस दौरान द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान का प्रधानमंत्री को प्रदान किया जाना इस महत्वपूर्ण अवसर और रणनीतिक साझेदारी को विशेष महत्व देता है। इससे पहले पीएम मोदी को इथोपिया ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। ओमान से मिले सम्मान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के ऐसे पहले नेता बन गए हैं। जिन्हें दुनिया के कुल करीब दो दर्जन से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री बीते 15 दिसंबर से जॉर्डन, इथोपिया और ओमान की चार दिवसीय यात्रा पर रहे। जिसका गुरुवार को ओमान में औपचारिक रूप से समापन हो गया और तमाम उच्च-स्तरीय बैठकों व अन्य गतिविधियों में शिरकत करने के बाद पीएम स्वदेश रवाना हो गए।

### भारतीयों ने जोरदार अंदाज में किया स्वागत

उधर, मस्कट में बड़ी तादाद में अपने प्रधानमंत्री को देखने-सुनने आए स्कूली छात्रों और भारतीय समुदाय के लोगों ने आयोजन स्थल पर अपने शीर्ष नेता का जोरदार अंदाज में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रवासी भारतीयों के स्वदेश में मौजूद परिजनों और मित्रों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए की। साथ ही उनके अत्यंत गर्मजोशी से भरे हुए स्वागत के लिए आभार जताया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि जब भी जहां भी हमारे लोगों को सहायता की आवश्यकता होती है। सरकार उनके साथ खड़ी रहती है। दर्शकों में ओमान में मौजूद भारतीय स्कूलों के 700 से अधिक छात्र शामिल हुए। जिसे लेकर पीएम ने कहा कि ये साल ओमान में भारतीय विद्यालयों के लिए खासा महत्व रखता है। क्योंकि वे इस देश में अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ पूरी होने का जश्न मना रहे हैं। पीएम के संबोधन के बाद बड़ी तादाद में छात्रों से लेकर हर खासो आम उनके साथ सेल्फी लेता हुआ और हाथ मिलाते हुए नजर आए। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच में भी लोग कई बार उत्साह के साथ तालियां बजाते हुए भी दिखाई दिए।

### युवाओं से बड़े सपने देखने का आह्वान किया

प्रधानमंत्री ने युवाओं से बड़े सपने देखने, गहराई से सीखने और साहस के साथ नवाचार करने की अपील की है। जिससे वे मानवता के लिए सार्थक योगदान दे सकें। उन्होंने ये भी कहा कि भारत और ओमान की साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के जरिए अपने आप को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। भारत को जानिए क्विज में भाग लेने के लिए पीएम ने ओमान के प्रवासी समुदाय की सराहना की और कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। जिन्हें प्रवासी भारतीय अपने परिश्रम और एकजुटता से आगे बढ़ा रहे हैं। ज्ञान भारत-ओमान संबंधों के केंद्र में रहा है। समुदाय के कल्याण के लिए समर्थन देने के लिए पीएम ने ओमान के सुल्तान के प्रति आभार प्रकट किया।

### सह-अस्तित्व सहयोग हमारी पहचान

उन्होंने कहा, विविधता ही भारतीय संस्कृति का आधार है। ये एक ऐसा मूल्य है जो उन्हें किसी भी समाज में जिसका वे हिस्सा बनते हैं। आसानी से घुलने-मिलने में मदद प्रदान करता है। ओमान में प्रवासी समुदाय को मिलने वाले सम्मान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सह-अस्तित्व सहयोग भारतीय प्रवासियों की पहचान रही है। अपने संबोधन में पीएम ने देश के परिवर्तनकारी विकास, बदलाव की गति और अर्थव्यवस्था की मजबूती देने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी।

### विश्व के लिए बाजार नहीं मॉडल है भारत

सरकार की 11 वर्षीय उपलब्धियों के साथ ही भारत के खुद को 21वीं सदी के लिए तैयार करने की जानकारी भी उन्होंने अपने देश के ओमान में रहने वाले लोगों और युवा छात्रों को दी। यूपीआई को देश के लिए गर्व और उपलब्धि का विषय बताते हुए प्रधानमंत्री ने प्रवासियों को अंतरिक्ष क्षेत्र की शानदार उपलब्धियों, गगनयान मिशन के बारे में भी बताया। उन्होंने युवा छात्रों को युविका कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही कहा कि भारत केवल बाजार नहीं बल्कि वस्तुओं-सेवाओं से लेकर डिजिटल समाधानों तक विश्व के लिए एक मॉडल है।

### एच1बी वीजा को लेकर और बढ़ेंगी भारतीयों की मुश्किलें...

# अमेरिका ने फरवरी-मार्च-2026 के लिए तय साक्षात्कारों को अक्टूबर तक के लिए टाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एच1बी वीजा के मामले में भारतीयों को अमेरिका की तरफ से फिलहाल कोई राहत मिलती हुई नजर नहीं आ रही है।

उलटा अब उसके एक नए कदम ने इस वीजा के माध्यम से हर साल बड़ी तादाद में अमेरिका जाने का सपना देखने वाले देश के नागरिकों (खासकर छात्रों, पेशेवरों) की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। जिसमें अमेरिका ने एच1बी और एच-4 वीजा से जुड़े हुए सभी आवेदकों को साक्षात्कार के लिए पूर्व में प्रदान की गई फरवरी-मार्च 2026 की समयसीमा को अब आगे बढ़ाकर अक्टूबर-2026 तक के लिए टाल दिया है।

भारत में अमेरिका के वाणिज्य दूतावास ने वीजा संबंधी इंटरव्यू को री-स्केड्यूल करने के पीछे की वजह आवेदकों की सोशल मीडिया स्क्रीनिंग का दायरा बढ़ाया जाना बताया है। अमेरिका के इस कदम से इन दोनों वीजा को पाने के इंतजार में बीते काफी वक्त से बैठे हुए भारतीयों के मन में गंभीर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पूर्व में इस संबंध में उन्हें अगले साल फरवरी और मार्च महीने में इंटरव्यू की तारीख दी गई थी। लेकिन अब एक बार फिर से इसे अक्टूबर-2026 तक के लिए टाल दिया गया है।

### वीजा देने के बाद भी जारी रहेगी जांच

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों के मामले में अपने सख्त रुख पर कायम हैं। इसी के तहत उन्होंने पहले लिए गए अपने एक निर्णय में एच1बी वीजा की फीस को कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर यानी लगभग 88 लाख रुपए तक कर दिया था और उसके बाद हाल ही में इससे जुड़े तमाम वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की भी गहन



जांच-पड़ताल को भी अनिवार्य कर दिया है। जिसके पीछे अमेरिकी प्रशासन ने यह तर्क दिया है कि इससे अमेरिका का उद्देश्य हमारे देश में आने वाले लोगों की मानसिकता, विचारों का पता लगाना है कि वो अमेरिका के लिए हितकर भी रहेंगे या नहीं। साथ ही ये भी कहा कि अमेरिका का वीजा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार है। जिसे प्राप्त करने के बाद भी अमेरिकी प्रशासन की जांच समाप्त नहीं होती है। बल्कि ये निरंतर जारी रहेगी।

### दूतावास का तर्क

हैदराबाद स्थित अमेरिकी दूतावास के मुताबिक, संसाधनों की उपलब्धता के हिसाब से वीजा साक्षात्कार के लिए अगले साल की अंतिम तिमाही का चयन किया गया है। अगर हमारी ओर से वीजा साक्षात्कार के संबंध में कोई बदलाव किया जाता है तो उसके संबंध में सभी आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।

कुछ मीडिया रिपोर्ट के हिसाब से ऊहापोह की इस स्थिति के बीच अमेरिका में नौकरी कर रहे कई भारतीयों की नौकरियों पर भी संकट बढ़ गया है। क्योंकि उन्होंने पहले दी गई वीजा साक्षात्कार की अवधि के मुताबिक अपनी तमाम तैयारियां कर ली थीं। लेकिन अब अचानक आई बदलाव की सूचना ने उनके तय कार्यक्रम पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है और मुश्किलों को कहीं न कहीं बढ़ा दिया है।

### निकाय चुनाव के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे का बड़ा ऐलान

# मुंबई में बनेगा भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनावों की तारीखों के ऐलान के बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे और मुंबई के कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड से सटी खाली जमीन को मिलाकर कुल 295 एकड़ क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 700 से 750 करोड़ रुपये



खर्च होने का अनुमान है। इस सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का एक भूमिगत पर्यावरण अनुकूल खेल परिसर होगा। यहां अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ-साथ खो-खो और कबड्डी जैसे भारतीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

### राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष डेविड वान वील के साथ की बैठक

# भारत और नीदरलैंड्स रक्षा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कई बड़े काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती और मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की।

दोनों मंत्रियों ने कार्यनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और नीदरलैंड्स की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों मंत्रियों ने एक करीबी रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, को जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया। दोनों देश प्रौद्योगिकी सहयोग, सह-उत्पादन और प्लेटफार्मों एवं उपकरणों के सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहते हैं।

### दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ाएंगे सहयोग, लक्ष्य के साथ करेंगे काम




### तकनीक से जुटा रहा करोड़ों का फंड

# पेड़ों और बांधों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहा चीन, रखा बड़ा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी की मदद से आजकल असंभव को भी संभव किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में चीन कई विकसित देशों से आगे निकल चुका है। चीन ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर निवेश को बिल्कुल ही नया आयाम दे दिया है। चीन में कंपनियां कई कीमती और दुर्लभ चीजों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहीं हैं, ताकि भविष्य में उससे मुनाफा कमाया जा सके। चीन के हैनान द्वीप पर पाए जाने वाले दुर्लभ हुआंगहुआली पेड़ों की अब तस्वीरें ली जा रही हैं ताकि उन्हें डिजिटल संपत्ति में बदला जा सके। यह शीशम की एक ऐसी प्रजाति है जिसे कभी चीनी सम्राट पसंद किया करते थे। समस्या यह है कि इस पेड़




को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, जिससे किसानों को लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है। अब गीली टेक्नोलॉजी ग्रुप जैसी कंपनियां इन पेड़ों को रियल वर्ल्ड एसेट यानी डिजिटल टोकन में बदलकर निवेशकों से पैसा जुटा रही हैं। आसान शब्दों में कहें तो, आप एक पूरे पेड़ के बजाय उसके एक छोटे से हिस्से का डिजिटल शेयर खरीद सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109